PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-122 | झुंझुनू (राजस्थान) | शुक्रवार, 27 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'समय और परिस्थितियाँ कभी स्थिर नहीं रहतीं, इसलिए समझदार वही है जो हर हाल में अपने धैर्य और प्रयास को स्थिर रखता है। '

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## शब्दों की शक्ति-रिश्तों को जोड़ने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम

मनुष्य को अन्य जीवों से अलग करने वाली सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसकी वाणी है। शब्द केवल संवाद का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे हमारे व्यक्तित्व, संस्कार और संवेदनशीलता के प्रतिबिंब भी होते हैं। एक मीठा और सम्मानजनक शब्द जहाँ कट्टर दुश्मन के हृदय को भी पिघला सकता है, वहीं एक कड़वा और असंवेदनशील वाक्य वर्षों पुराने रिश्तों को तोड़ने की क्षमता रखता है। यही कारण है कि हमारे जीवन में शब्दों का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

भारतीय संत परंपरा में वाणी की महत्ता को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। संत कबीरदास जी ने अपने प्रसिद्ध दोहे में कहा है–

**'ऐसी बाणी बोलिये, मन का आपा खोय।**
**औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होय। '**

इस दोहे का सार यह है कि हमें अपने अहंकार को त्यागकर ऐसी वाणी का प्रयोग करना चाहिए, जो दूसरों के मन को शीतलता प्रदान करे। जब हम दूसरों को सम्मान और प्रेम से संबोधित करते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव हमारे अपने मन पर भी पड़ता है। इससे न केवल सामने वाले को सुकून मिलता है, बल्कि हमारे भीतर भी शांति और संतोष का भाव उत्पन्न होता है।

आज के तेज़-तर्रार और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में संवाद का स्वरूप बदलता जा रहा है। लोग जल्दी में, तनाव में या अहंकारवश बिना सोचे-समझे शब्दों का प्रयोग कर बैठते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि छोटी-छोटी बातों पर रिश्तों में दरार आ जाती है। कई बार हम यह समझ ही नहीं पाते कि हमारे द्वारा कही गई एक कठोर बात सामने वाले के मन को कितना आहत कर सकती है। शब्दों में वह शक्ति होती है, जो बिना किसी शारीरिक चोट के भी गहरे घाव दे सकती है। इसके विपरीत, प्रेमपूर्ण और मधुर वाणी किसी भी बिगड़े हुए रिश्ते को सुधारने का सबसे प्रभावी साधन है। जिस प्रकार किसी घाव को भरने के लिए मरहम की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार टूटे हुए संबंधों को जोड़ने के लिए स्नेहपूर्ण शब्दों की आवश्यकता होती है। जब संवाद में विनम्रता और संवेदनशीलता होती है, तो गलतफहमियाँ स्वतः ही दूर होने लगती हैं।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि वाणी केवल शब्दों का समूह नहीं होती, बल्कि उसमें हमारे भाव और दृष्टिकोण भी झलकते हैं। यदि हमारे मन में दूसरों के प्रति सम्मान और सद्भावना है, तो वह हमारे शब्दों में स्वतः ही दिखाई देता है। लेकिन यदि हमारे भीतर अहंकार, क्रोध या नकारात्मकता है, तो वह भी हमारी भाषा में परिलक्षित होता है। इसलिए आवश्यक है कि हम केवल अपनी वाणी को ही नहीं, बल्कि अपने विचारों को भी शुद्ध और सकारात्मक बनाएँ। आज के सामाजिक परिवेश में संवादहीनता एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। जब लोग खुलकर और सम्मानपूर्वक अपनी बात नहीं रखते, तो गलतफहमियाँ जन्म लेती हैं। यह गलतफहमियाँ धीरे-धीरे रिश्तों में दूरी और तनाव का कारण बनती हैं। ऐसे में यदि हम अपने शब्दों का चयन सोच-समझकर करें और संवाद को सकारात्मक बनाए रखें, तो कई समस्याओं का समाधान स्वतः ही हो सकता है।

यह भी सच है कि हर परिस्थिति में मधुर वाणी बनाए रखना आसान नहीं होता। कई बार परिस्थितियाँ हमें उत्तेजित कर देती हैं और हम आवेश में आकर कठोर शब्द बोल देते हैं। लेकिन यही वह समय होता है, जब हमें सबसे अधिक संयम और विवेक की आवश्यकता होती है। एक क्षण का धैर्य हमें जीवनभर के पछतावे से बचा सकता है। रिश्तों की नींव विश्वास और संवाद पर टिकी होती है। यदि इन दोनों में से किसी एक में भी कमी आती है, तो संबंध कमजोर होने लगते हैं। शब्द इस विश्वास और संवाद के बीच सेतु का कार्य करते हैं। यदि यह सेतु मजबूत और सकारात्मक है, तो रिश्ते भी मजबूत बने रहते हैं। लेकिन यदि इसमें कटुता और असंवेदनशीलता आ जाती है, तो यह सेतु टूटने में देर नहीं लगती।अंततः यह कहा जा सकता है कि शब्द हमारे जीवन का एक अमूल्य साधन हैं। इनका सही उपयोग हमें सम्मान, प्रेम और सफलता दिला सकता है, जबकि गलत उपयोग हमें अकेलापन और पछतावा दे सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को यह प्रयास करना चाहिए कि वह अपनी वाणी को संयमित, मधुर और सकारात्मक बनाए। हमें यह समझना होगा कि रिश्ते बहुत नाजुक होते हैं और उन्हें बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। इस प्रयास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे शब्दों की होती है। यदि हम अपने शब्दों के प्रति सजग रहें और हर परिस्थिति में प्रेम और सम्मान के साथ संवाद करें, तो न केवल हमारे रिश्ते मजबूत होंगे, बल्कि हमारा जीवन भी अधिक सुखद और संतुलित बनेगा।

# हरियाणा कांग्रेस के 2 MLA का क्रॉस वोटिंग पर जवाब : लिखा- हम सच्चे सिपाही, अब राहुल-खड़गे करेंगे फैसला, 3 विधायकों का जवाब आना बाकी

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा कांग्रेस की ओर से सख्ती के संकेत मिलने के बाद वीरवार को पार्टी के 5 में से 2 विधायकों ने शोकॉज नोटिस का जवाब दे दिया। 3 विधायकों की ओर से जवाब आना बाकी है। सूत्रों के मुताबिक दोनों MLA ने अपने जवाब में कहा-राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग नहीं की। पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। इधर, इन 5 विधायकों पर अब फैसला राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में हो सकता है। 30 मार्च को हरियाणा कांग्रेस विधायक दल की दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। बैठक में पार्टी के पांचों सांसदों को भी बुलाया गया है। हरियाणा कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति की बैठक अप्रैल के पहले हफ्ते में चंडीगढ़ में पार्टी मुख्यालय पर होगी। जिसमें औपचारिक रूप से पार्टी का फैसला सुनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि सख्त संदेश देने की तैयारी है। ऐसे में निलंबन या निष्कासन तक का निर्णय हो सकता है।



### 5 सांसदों के शामिल होने की उम्मीद

दिल्ली में होने वाली कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग में प्रदेश के सभी पांचों सांसदों के भी शामिल होने का अनुमान है। राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के 4 सांसद दीपेंद्र हुड्?डा, वरुण मुलाना, जयप्रकाश जेपी और सतपाल ब्रह्मचारी एक साथ दिखाई दिए थे, मगर कुमारी सैलजा ने चुनाव से दूरी बनाए रखी थी। चुनाव पर उनका कोई बयान भी सामने नहीं आया।

### अभी 2 MLA ने ही जवाब दिए

16 मार्च को हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के 5 विधायकों ने पार्टी के ऑफिशियल प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध की बजाय भाजपा समर्थित निर्दलीय सतीश नांदल के पक्ष में वोट दिया था। 19 व 20 मार्च को कांग्रेस अनुशासन समिति ने नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, साढौरा विधायक रेणु बाला, पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास, हथीन विधायक मोहम्मद इसराइल और रतिया विधायक जरनैल सिंह को शोकॉज नोटिस जारी किया था। सूत्रों के मुताबिक इनमें से वीरवार शाम तक शैली चौधरी और जरनैल सिंह की ओर से जवाब आ गए। हालांकि पार्टी की ओर से जवाब देने वाले नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जवाब में दावा-क्रॉस वोट नहीं किया, पार्टी के पक्ष में दिया

सूत्रों के मुताबिक दोनों ही विधायकों ने अपने जवाब में दावा किया कि उन्होंने क्रॉस वोट नहीं किया है। बल्कि पार्टी के ऑफिशियल प्रत्याशी को ही वोट दिया है। दोनों विधायकों ने खुद को पार्टी के प्रति समर्पित और सच्चा सिपाही बताया है। दिलचस्प है कि शैली चौधरी के पति रामकिशन गुर्जर कांग्रेस छोड़ चुके हैं। दो बार विधायक व सीपीएस रहे गुर्जर हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष थे। उनकी गिनती सैलजा के करीबियों में होती थी।

### बयानबाजी पर सख्ती बढ़ाने की तैयारी

विधायकों के विरोध को देखते हुए पार्टी सख्त फैसला ले सकती है। इसके अलावा पार्टी हाईकमान संगठनात्मक पदों से हटाने का फैसला भी ले सकती है। नोटिस के बाद शैली चौधरी और रेनू बाला तो खुलकर हुड्डा खेमे पर निशाना साध चुके हैं। जरनैल सिंह रतिया ने भी कहा था कि हुड्डा के कारण वे सैलजा-तंवर से लड़े। मोहम्मद इजराइल कह चुके हैं कि मैंने अपने मन की करी, अब पार्टी अपने मन की कर ले।

## मातृशक्तियों ने रिझाया जीण मैया को

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

मुकुंदगढ़ रोड़ स्थित जीण माता मंदिर में चैत्र के नवरात्रि में बुधवार को भजन संध्या के आयोजन किया गया। आयोजित भजन संध्या में मातृशक्तियों ने जीण माता को भजनों से रिझाया। दादी मां परिवार की ओर से आयोजित भजन संध्या में मुख्य गायक संध्या छावछरिया ने जीण भवानी आकर के ओढ़ो ए, गर जोर मेरो चाले सहित जीण माता के एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर उपस्थित मातृशक्तियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान जीण माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर



पर अनिता बजाज, विप्र सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा पाराशर, दीप्ति बनाईवाला, किशोरी मिश्रा, मोनिका जोशी, निधि जांगिड़, पिंकी सैन, संगीता सैनी, सरिता सैन, सरिता माउका, वर्षा भूत, चंपा सैन, लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद सचिव सोनू सोमानी, कुसुम पुजारी, सुधा पारीक, गीता जोशी, रेनू जैन, सुधा जाजोदिया, सीमा सोनी, स्मिता चुड़ीवाला व राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष नीतू ढंड सहित काफी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थिति थी।

## ब्राह्मण सभा चुनाव, प्रधान सहित सभी पदों के लिए होगा सीधा मुकाबला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** श्री ब्राह्मण सभा के त्रि- वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई । 29 मार्च को होने वाले इस चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसमें विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सभा के सबसे महत्वपूर्ण प्रधान पद के लिए इस बार मुख्य मुकाबला मास्टर राजेंद्र शर्मा और विक्रम शर्मा के बीच होने जा रहा है। केवल प्रधान पद ही नहीं, बल्कि सभा के अन्य अहम पदों पर भी कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी । उपाध्यक्ष पद के लिए बजरंग शर्मा व जगदीश शर्मा, सचिव पद के लिए रोहताश शर्मा व राकेश शर्मा, सह-सचिव पद के लिए रवि शर्मा व राजेश पराशर, कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रवण शर्मा व ऋषिराज शर्मा के बीच सीधा मुकाबला होगा । उल्लेखनीय है कि इस बार 2 पैनल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है इसलिए किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र वापिस नहीं लिया है। इन दिनों दोनों ही पैनल के उम्मीदवार इकट्ठे होकर अपने समर्थकों साथ घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे है। सभा के वर्तमान प्रधान रामनिवास शर्मा प्रधान पद के उम्मीदवार मास्टर राजेंद्र शर्मा के पैनल के उम्मीदवारों को जीतवाने के लिए रात दिन एक के लिए एक किये हुए है। कुल मिलाकर इस बार दोनों पैनलों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

## केंद्रीय विद्यालय में नए प्रवेश प्रारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी नगर।**

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय खेतड़ी नगर में सत्र 2026 -27 हेतु नए प्रवेश शुरू हो गए हैं।

प्राचार्य के एल मीणा ने बताया कि कक्षा 1 में 80 सीटों हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 मार्च से शुरू हो चुके हैं जिनकी अंतिम तिथि 2 अप्रैल है। अभिभावकों को प्रवेश हेतु https//admission.kvs.gov.in लिंक पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। कक्षा 2 से कक्षा 9



तक में रिक्त स्थान होने की स्थिति में ऑफलाइन प्रवेश फार्म विद्यालय में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक भरे जायेंगे। सभी प्रवेश केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रवेश गाइडलाइन के अनुसार किए जाएंगे।

## साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छीलरी में राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने उत्साह के साथ अपनी नई शुरुआत की ओर कदम बढ़ाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रधान संजू नेहरा ने कहा कि यह योजना केवल सुविधा नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राएं बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय



पहुंच सकेंगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जो जीवन को नई दिशा देता है। सरकार की इस पहल से बेटियां अब और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी। हमें यह सुनिश्चित करना है कि इन संसाधनों का सही उपयोग करते हुए हम शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाइयों को छुएं। कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षित जीवन के लिए यातायात के सामान्य नियमों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे साइकिल का उपयोग सावधानीपूर्वक कर सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पूर्ण सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार और विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## अटेली मंडी में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.अटेली मंडी।**

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (मुख्यालय महेंद्रगढ़) की बैठक खंड कार्यालय अटेली मंडी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ईश्वर सिंह ने की तथा संचालन अरविंद कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ईश्वर सिंह ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी शहरों की तर्ज पर गांवों को साफ-सुथरा रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं और स्वच्छता अभियान को सफल बना रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें अपना कर्मचारी नहीं मान रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सफाई कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी घोषित नहीं किया जाता, तब तक न्यूनतम वेतन 28 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाए। बैठक में कर्मचारियों ने कई मांगें उठाईं, जिनमें सफाई के उपकरण उपलब्ध करवाना, आबादी के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति, गैस मास्क उपलब्ध कराना, ड्रेस के लिए प्रतिवर्ष ?8,000 देना, बीमा व पेंशन योजना लागू करना शामिल है। इसके अलावा महिला कर्मचारियों को मातृत्व लाभ और पुरुष कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव देने की मांग भी रखी गई। साथ ही सफाई कार्य के



अलावा अन्य बेगार कार्य बंद करने की मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार (प्रदेश महासचिव, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा) ने कहा कि किसी भी आंदोलन की सफलता के लिए महापुरुषों के विचारों को अपनाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल 2026 को झंडा चौक, अटेली मंडी में ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें सरकार की नीतियों को आम जनता के सामने रखा जाएगा।उन्होंने बताया कि जनसभा की तैयारियां जोरों पर हैं और इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में टीमों का गठन किया गया है। इस जनसभा में ग्रामीण सफाई कर्मचारी एवं उनके परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।बैठक में मनोज कुमार, रामकिशन, लक्ष्मण कुमार, विनोद कुमार, लक्ष्मी देवी, कन्हैया कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में कामरेड सुभाष चंद्र एडवोकेट (महासचिव, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा, महेंद्रगढ़) ने सामाजिक सुरक्षा लागू करने की मांग दोहराते हुए 11 अप्रैल को झंडा चौक पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

WALK-IN-INTERVIEW
REQUIRED
• TGT - All Subjects • PRT - All Subjects
• PGT - Physics • Mother Teacher
Date of Interview
22 MARCH 2026
Timing : 9 AM to 2 PM
महिला टीचर को प्राथमिकता दी जायेगी।
L.B.S.
#Ab Hoga Kamyabi Par Sabka Haq
Scholarship Test 2026-27
Seize the Opportunity
Get up to 100%
Scholarship in Tuition Fee
Exam Date & Time
29 March 2026, Sunday
09:00 AM to 12:00 PM
Exam Center
LBS International Sr. Sec. School, Pacheri Bari
Admissions Open
Session 2026-27
PLAY GROUP to XII
SCIENCE & ARTS
L.B.S. INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
गुंती रोड़, पचेरी बड़ी Helpline No. 8209020308, 9413562241, 8209000294



# डिजिटल दुनिया में अपने बच्चे को ऐसे रखें सुरक्षित

इंटरनेट पर हमारी निर्भरता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इंटरनेट हमारे लिए जितना जरूरी है, अगली पीढ़ी के लिए उससे कहीं ज्यादा। दूसरी ओर देखा जाए तो इस दुनिया में शामिल होने के कुछ नुकसान भी हैं। इंटरनेट की दुनिया में कैसे रखें अपने बच्चे को सुरक्षित, बता रही हैं स्वाति शर्मा

भाई साहब के फोन और लैपटॉप को कोई हाथ नहीं लगा सकता। आधा व्यापार तो वे इसी के जरिये करते हैं। बुआ जी को शाही पनीर बनाना था, यू-ट्यूब खोला और सीख लिया। अब घर में शांति भी बनी रहती है। वो क्या है कि पिता जी का ज्यादा समय अब फोन में ही बीतता है और घर वालों की कमियां उन्हें कम नजर आती हैं। मम्मी भी चारदीवारी की दुनिया से इस छोटे से यंत्र के जरिए बाहर निकल अपनी सखियों से बातें कर लेती हैं। बचपन की सहेलियां बरसों बाद फिर मिल गई हैं और वॉट्सएप ग्रुप में चैटिंग होने लगी है।



**इंटरनेट पर हमारी निर्भरता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इंटरनेट हमारे लिए जितना जरूरी है, अगली पीढ़ी के लिए उससे कहीं ज्यादा। दूसरी ओर देखा जाए तो इस दुनिया में शामिल होने के कुछ नुकसान भी हैं। भाई साहब के फोन और लैपटॉप को कोई हाथ नहीं लगा सकता। आधा व्यापार तो वे इसी के जरिये करते हैं। बुआ जी को शाही पनीर बनाना था, यू-ट्यूब खोला और सीख लिया। अब घर में शांति भी बनी रहती है। वो क्या है कि पिता जी का ज्यादा समय अब फोन में ही बीतता है और घर वालों की कमियां उन्हें कम नजर आती हैं।**

**संकेत जो बताते हैं कि आपके बच्चे को है स्मार्टफोन की लत, जानें**

पर, अरे ये क्या? जब छोटू की नेट चलाने की बारी आई तो उसे डांट कर भगा दिया। वो भी ये कहते हुए कि ये इंटरनेट उसके काम की चीज नहीं है, बड़े हो जाओ तब मिलेगा। वाह, मोहतरमा किस जमाने में जी रही हैं? ये आगे बढ़ता संसार है और इसमें इंटरनेट यदि आपके बेहद काम की चीज है तो आपके बच्चे के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। किताब में जब बच्चा इंटरनेट के इस्तेमाल के बारे में पढ़ता है तो वहां भले ही इंटरनेट के कुछ गिने-चुने इस्तेमाल ही लिखे होते हैं, लेकिन हकीकत में यह जीवन की अहम जरूरतों में से एक हो चुका है। फिर आप अपने लाडले को इससे भला कैसे दूर रख सकती हैं? आपकी चिंता अपनी जगह जायज है, लेकिन उसकी जरूरत को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। आपको उसे दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना भी तो सिखाना है। थोड़ी सतर्कता और सही, सीख देकर आप बच्चे को निश्चिंत होकर इस ई-दुनिया का हिस्सा बना सकती हैं।




**हानिकारक है सिक्के का दूसरा पहलू**

सुविधाओं के लाभ के साथ हानियां भी जुड़ी होती हैं। इंटरनेट के साथ भी यही बात लागू होती है और शायद यही पक्ष आपको भी चिंतित करता है। इंटरनेट हम फोन या कंप्यूटर के माध्यम से इस्तेमाल करते हैं। इससे निकलने वाली रोशनी के आगे ज्यादा देर बैठने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है, वहीं रात में इसका इस्तेमाल नींद प्रभावित करता है। ज्यादा देर इंटरनेट के इस्तेमाल से बच्चे का खेलना-कूदना कम हो जाता है और उसके शारीरिक विकास पर असर पड़ता है। वहीं, इंटरनेट की फ्रिक्वेंसी उसके दिमाग को भी प्रभावित करती है।

**उम्र के अनुसार पेश आएं**

दस साल की उम्र तक के बच्चे को इंटरनेट का इस्तेमाल आप अपने सामने ही करने की अनुमति दें। यदि वो कार्टून, ई-स्टोरी या पढ़ाई से संबंधित कुछ भी इंटरनेट पर देखना चाहता है तो खुद उसके साथ बैठकर दिखाइए। ई-गेम्स खेलने में भी यह सतर्कता जरूरी है। खुद तय करें कि बच्चा किस तरह के खेल खेल सकता है। 11 से 14 साल तक के बच्चे में थोड़ी समझ विकसित हो चुकी होती है और वो सही-गलत का कुछ अंतर समझने लगते हैं। ऐसे में आपको पहले अपने बच्चे का मिजाज समझना जरूरी है। यदि वो समझदार है तो कुछ देर अपनी मर्जी से इंटरनेट चलाने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन यदि आप निश्चिंत नहीं हैं तो खुद की देखरेख में ही उसे इंटरनेट का इस्तेमाल करने दें। बच्चे से इंटरनेट से जुड़ी बातें करती रहें और उनके सवालों के जवाब तलाशने में मदद करती रहें। कोई भी ऐसी परिस्थिति न खड़ी होने दें, जिससे बच्चा छिपकर इंटरनेट चलाने लगे। इससे ज्यादा उम्र के बच्चे खुद ही इंटरनेट चलाने लगते हैं, ऐसे में आप उन्हें इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के टिप्स देती रहें। साथ ही बच्चों से उनकी इंटरनेट की गतिविधियों की जानकारी लेती रहा करें, जैसे कितने दोस्त बने, आज क्या बात हुई आदि। ये भी पूछें कि बच्चे को किसी व्यक्ति से असहजता तो नहीं हो रही।



**समय सीमा निर्धारित हो**

इंटरनेट के दुष्प्रभावों से बच्चे को दूर रखने के लिए डॉ. कुमार बच्चे को निश्चित समय के लिए ही इंटरनेट का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। ये ठीक उसी प्रकार होना चाहिए जैसे आपने उनके खेलने और टीवी देखने का समय निर्धारित कर रखा है। इस समय को टुकड़ों में बांटना भी उन्हें नुकसान से बचा सकता है। इसके अलावा आप बच्चे को महीने के बजट की तरह ही निश्चित डाटा इस्तेमाल करने की अनुमति दें। डाटा खत्म हो जाने पर जब उसे इंटरनेट नहीं मिल पाएगा तो वो खुद ही इसका उपयुक्त इस्तेमाल करना सीख जाएगा।


**कदमों को गति देता है इंटरनेट**

इंटरनेट और डिजिटल दुनिया यदि पूरी तरह से बच्चों के लिए हानिकारक होती, तो स्कूलों के मॉड्यूल में ई-लर्निंग और डिजिटल सेशन को शामिल नहीं किया जाता। इस बात से सहमति रखते हुए मनोचिकित्सक डॉ. उन्नति कुमार कहते हैं कि इंटरनेट वरदान है और इसका सही इस्तेमाल बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करता है। किसी भी विषय को समझने में डिजिटल मीडिया बेहद काम आ रहा है। इसके साथ ही इंटरनेट पर मौजूद जानकारियां बच्चों की बौद्धिक क्षमता और तकनीकी जानकारी को बढ़ा रही हैं।

**खतरनाक है गेम की लत**

इंटरनेट के लगातार इस्तेमाल से बच्चे को सिर्फ सोशल मीडिया की ही लत नहीं लग सकती। इंटरनेट व मोबाइल आदि पर खेले जाने वाले कई तरह के गेम बच्चे की न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकते हैं। पिछले कुछ समय में मोमो चैलेंज, ब्लू व्हेल चैलेंज गेम व पबजी जैसे मोबाइल गेम अभिभावकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं साबित हो रहे हैं। इन खेलों की न सिर्फ बच्चों को लत लग जाती है, बल्कि इसमें से कुछ खेल बच्चों को आत्महत्या तक करने के लिए उकसाते हैं। मोमो चैलेंज व ब्लू व्हेल चैलेंज गेम के कारण दुनिया भर में कई बच्चे आत्महत्या कर चुके हैं। ये सब बातें पढ़ने में जितनी भयावह लगती हैं।

# जानलेवा न बन जाएं बेहोशी के दौरे



बेहोशी की समस्या को अकसर नजरअंदाज किया जाता है, लेकिन कई मामलों में यह बात सामने आई है कि यह समस्या जानलेवा भी साबित हो सकती है। क्या है यह समस्या और इससे बचाव का उपाय, जानकारी देता आलेख



आपने कभी थोड़ी देर तक चक्कर आने या घबराहट अथवा धड़कन तेज होने और उसके बाद बेहोशी महसूस की है? अगर ऐसा हुआ है, तो क्या कारण पता नहीं चला? अकसर ऐसी स्थिति में यह समझा जाता है कि ऐसा कमजोरी की अस्थायी स्थिति में होता है, जो अनुपयुक्त आहार, कम सोने, थकान आदि से होता है। हालांकि कुछेक मामलों में यह भले ही सही हो, पर बेहोश होने का मामला गंभीर हो सकता है। बेहोश होकर गिरने से ना सिर्फ घातक चोट लग सकती है, बल्कि यह किसी मेडिकल स्थिति का मुख्य लक्षण भी हो सकता है।

**किसे प्रभावित करती है बेहोशी**

मेडिकल मामलों में बेहोश होने को सिनकोप कहा जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन सिनकोप को अस्थायी बेहोशी कहता है, जो मस्तिष्क में खून का प्रवाह अपर्याप्त होने से होता है। ऐसा तब होता है, जब हृदय मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन पंप करना छोड़ देता है। नतीजतन रक्तचाप कम हो जाता है।

**अचानक होती है यह समस्या**

सिनकोप की शुरुआत अचानक होती है और रिकवरी भी तकरीबन अचानक ही होती है। इसके शुरुआत में भिन्न कारणों जैसे पसीना आना, गर्मी लगना, शरीर में पानी कम होना (डीहाइड्रेशन), थकान या शरीर की स्थिति बदलने पर पैरों में खून जमा हो जाने से भी ऐसा होता है। वैसे तो किसी भी आयु का व्यक्ति सिनकोप का शिकार हो सकता है, पर 60 साल से ऊपर के लोगों में यह ज्यादा आम है। ऐसे लोगों में इससे मौत का जोखिम भी ज्यादा होता है। बुजुर्गों के मुकाबले कम उम्र के लोगों मं कारण अलग होते हैं। कोरोनरी आर्टरी डिजीज, कन्जेनिटल हार्ट डिफेक्ट्स, वेंट्रीकुलर डिसफंक्शन, हार्ट अटैक झेल चुके और जेनेटिक म्युटेशन वाले लोगों को यह जोखिम ज्यादा हो सकता है।

**शुरुआती चेतावनी के संकेत**

त्वचा पीली हो जाती है।
धड़कन गड़बड़ होने लगती है।
कमजोरी महसूस होने लगती है।
मितली आती है।
पसीना अधिक आता है।
सांस तेज चलती है।

बेहोश होना घातक क्यों

आम मान्यता है कि बेहोशी न्यूरोलॉजिकल कारणों से ही होती है। इसके उलट वास्तविक कारण अकसर कार्डियक प्रकृति का होता है। बिना कारण बेहोश होने और चक्कर आने का प्राथमिक कारण हृदय की स्थिति से जुड़ा हो सकता है, जिसके आप शिकार हो सकते हैं। सिनकोप हृदय की सबसे आम गड़बड़ी के लिए प्राथमिक लक्षण है। इसे हृदय का असामान्य रिद्म कहा जाता है। कुछ मामलों में हृदय के असामान्य रिद्म का एकमात्र चेतावनी संकेत है बेहोश होना। इसकी वजह से अचानक कार्डियक अरेस्ट और मौत तक हो सकती है। खासकर उन लोगों के मामले में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जिन्हें पहले से हृदय की बीमारी है। इसलिए सिनकोप की पहचान और उसका कारण जानना बहुत महत्वपूर्ण है। उपचार समय पर नहीं हो, तो यह घातक हो सकता है।

**इसका पता कैसे चलेगा**

अचानक बेहोश होने के किसी भी मामले का मूल्यांकन सिर्फ प्रशिक्षित डॉक्टर से ही कराना चाहिए। सिनकोप का पता मरीज के बेहोश होने के इतिहास के आधार पर चलता है। आम तरीका यही है कि शारीरिक परीक्षण किया जाए और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी (ईसीजी) की जाए। इसके लिए खून में शुगर का स्तर और ब्लड काउंट की भी निगरानी की जा सकती है।

समस्या की गंभीरता का आकलन करने के लिए और व्यापक कार्डियक आकलन की आवश्यकता हो सकती है। सिनकोप का प्रबंध जीवनशैली में बदलाव, दवाओं और थेरेपी से किया जा सकता है। हालांकि यह सब चिकित्सीय स्थिति की गंभीरता पर निर्भर करता है।

मूल्यांकन की शुरुआत मेडिकल हिस्ट्री की समीक्षा और शारीरिक जांच से होती है। आपके डॉक्टर आपसे लक्षणों, सिनकोप एपिसोड आदि से संबंधित विस्तृत सवाल पूछते हैं। इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी (ईसीजी), ब्लड शुगर लेवल और प्रयोगशाला जांच भी की जा सकती है। इन परीक्षणों के नतीजे के आधार पर एक व्यापक कार्डियक जांच की आवश्यकता हो सकती है, ताकि समस्या की गंभीरता का सही आकलन किया जा सके।

क्या हैं उपचार

सिनकोप का उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि इसका कारण क्या है और मूल्यांकन तथा जांच का नतीजा क्या रहा। सिनकोप के मरीजों को घातक हो सकने वाली गतिविधियों जैसे गाड़ी चलाने, कुछ खास तरह के काम या मनोरंजक गतिविधियों के संबंध में चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। नॉन-कार्डियक सिनकोप के ज्यादातर रूपों के लिए तत्काल उपचार में व्यक्ति को जमीन पर सीधा लिटा देना चाहिए, ताकि होश आ सके।

इन बातों पर दें ध्यान

कार्डियक सिनकोप का उपचार कार्डियक स्थिति को ठीक करने पर आधारित है और इसमें निम्नलिखित बातें शामिल हैं।

दवाएं
पेसमेकर
रेडियोफ्रीक्वेंसी कैथेटर एबलेशन
वैलवुलर सर्जरी
कॉरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्ट सर्जरी
एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग

जरूरी हो सकती हैं ये जांच

लेटकर और खड़े होकर ब्लड प्रेशर की रिकॉर्डिंग
हार्ट मोनिटर
इम्प्लांटेबल लूप रिकॉर्डर (आईएलआर)
टिल्ट टेबल टेस्टिंग

याद रखने वाली बातें

बेहोश होने का रिकॉर्ड रखें।
अगर आपको सीने में दर्द होता है, सांस फूलती है, तो डॉक्टर से संपर्क करें।
जब आपके घर में हृदय की बीमारी का इतिहास हो, तो यह और जरूरी हो जाता है।
अगर बेहोश होने जैसा लगे, तो बैठ या लेट जाएं। संभव हो, तो व्यक्ति के पैरों को सिर से ऊपर रखें, ताकि मस्तिष्क में खून का प्रवाह बेहतर हो।
बेहोश होने की किसी भी घटना को नजरअंदाज न करें।

# वर्तमान समय शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का- उपमुख्यमंत्री डॉ.बैरवा

## उप मुख्यमंत्री बैरवा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़, विधायक सहारण, भाजपा नेता लखोटिया ने तारानगर में भामाशाह गोयल दम्पति द्वारा करवाए गए निर्माण कार्य का किया लोकार्पण, भामाशाह गोयल दम्पति का हुआ अभिनंदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि वर्तमान युग शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का है। युवाओं को अपना लक्ष्य तय कर एकाग्र एवं समर्पित होकर अपने सपनों को आकार देना चाहिए। अपने पुरुषार्थ से अर्जित कमाई का शिक्षा जैसे पुण्य कार्य के लिए दान करने वाले लोग सदैव अभिनंदन के योग्य हैं।

उप मुख्यमंत्री बैरवा गुरुवार को तारानगर स्थित मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल द्वारा स्व. राधाकृष्ण भगत एवं स्व. नारायणी देवी भगत की स्मृति में नवनिर्मित विज्ञान भवन कक्षों के लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री बैरवा ने भामाशाह गोयल परिवार की सराहना करते हुए कहा कि चूरू शिक्षा, सेवा और संस्कृति के लिए काम करने वाले लोगों की धरती है। सक्षम एवं सफल व्यक्ति को समाज में दूसरे लोगों की मदद करनी चाहिए तथा अन्य लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के दिए मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रकाश हर व्यक्ति, हर घर तक पहुंचना चाहिए। इसी दृष्टिकोण के साथ राज्य सरकार प्रदेश के शैक्षणिक विकास के लिए अभूतपूर्व काम कर रही है। उन्होंने विज्ञान भवन निर्माण की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए युवाओं से कहा कि यह आपके सपनों की प्रयोगशाला है, यहां नए विचारों का जन्म होगा और आपके सपनों को उड़ान मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रवासी भामाशाह ताराचंद गोयल सामाजिक सरोकार के लिए समर्पण का बेजोड़ उदाहरण हैं। दूर दिसावर में रहते हुए भी इनके दिल में हमेशा मातृभूमि धड़कती रहती है। तारानगर में धर्म, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र में इन्होंने अग्रणी रहकर उल्लेखनीय योगदान दियाहै। अपने खून-पसीने से



अर्जित धन का शिक्षा जैसे परोपकार से बेहतर कोई उपयोग हो नहीं सकता। उन्होंने भामाशाह के जड़ों से जुड़ाव की सराहना की और कहा कि दान से कभी धन घटता नहीं है। लोगों की दुआएं जुड़ती हैं तो व्यापार-व्यवसाय, धन-दौलत में और इजाफा होता है। राठौड़ ने उपस्थित जनसमूह को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चरित्र हमें अपने जीवन की हर भूमिका के बेहतर निर्वहन की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। देश में स्किल डवलपमेंट, डिजिटलाइजेशन और एआई की दिशा में भरपूर काम हो रहा है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में खेलों के विकास और युवाओं के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने तारानगर में सिंथेटिक ट्रेक के लिए राज्य सरकार स्तर पर प्रयास करने की बात कही और कहा कि क्षेत्रा के विकास के लिए उनके प्रयास हमेशा जारी रहेंगे। कार्यक्रम में भारतीय पैरालिंपिक कमेटी के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि आज भारत की प्रतिभाएं पूरी दुनिया को चला रही हैं क्योंकि हमारे युवाओं ने शिक्षा को अपनाया है। दुनिया को सबसे ज्यादा इंजीनियर, डॉक्टर देने वाला देश भारत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार एक सौ करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए किया है। झाझड़िया ने कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों के विकास के लिए भरपूर काम हो रहा है। उन्होंने खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में तारानगर में सिंथेटिक ट्रेक, मल्टीपरपज हॉल की जरूरत जाहिर की और कहा कि इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने भामाशाह परिवार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के शैक्षणिक विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में दान की हमारे यहां मजबूत परंपरा रही है। भामाशाह गोयल सहित दानदाता इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं यह शुभ संकेत है।

भाजपा नेता लखोटिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा देश और प्रदेश में डबल इंजन सरकार से चहुंमुखी विकास हो रहा है और युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर मिल रहें हैं।कार्यक्रम में भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल का उप मुख्यमंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सहित अतिथियों ने सम्मान किया।सम्मान से अभिभूत भामाशाह ताराचंद गोयल ने इस भवन निर्माण कार्य की पृष्ठभूमि पर चर्चा की और कहा कि कि मातृभूमि के विकास के लिए वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व राकेश जांगिड़ आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन वीर बहादुर सिंह राठौड़, डॉ सरिता एवं अंकिता चैधरी ने किया।इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने फीता काटकर एवं पट्टिका अनावरण कर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया तथा भवन का अवलोकन कर निर्माण कार्य की सराहना की। भामाशाह गोयल की ओर से कॉलेज में सोलर संयंत्र की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान पराक्रम सिंह राठौड़, बसंत शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष जसवंत स्वामी, तपोवन के संत नागरदास, इस्कॉन मंदिर वृंदावन के रामतीर्थदास, अजीत सिंह मांडण, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग आदि मंचस्थ रहे।कार्यक्रम के दौरान कॉलेज शिक्षा विभाग के डॉ रविकांत शर्मा, लोहिया कॉलेज प्रचार्य डॉ मंजु शर्मा, सीताराम लुगरिया, नरेश झाझड़िया, मदनगोपाल बालाण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कॉलेज शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी कैडेट, मीडियाकर्मी एवं आमजन मौजूद रहे।

# नीमराना मॉडल बनेगा राजस्थान के औद्योगिक विकास का आदर्शः मुख्य सचिव

**जभीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को कोटपूतली-बहरोड़ के रीको नीमराना औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर औद्योगिक इकाइयों की कार्यव्यवस्था का निरीक्षण किया और निवेश को बढ़ावा देने तथा उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश आर्थिक समृद्धि के प्रमुख आधार हैं और उद्यमी राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डाइकिन कंपनी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रयासों से राज्य में निवेश को गति मिली है और उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण विकसित हुआ है। मुख्य सचिव ने कहा कि नीमराना मॉडल पूरे राजस्थान के




लिए एक आदर्श बनेगा और विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीमराना औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत किया जाए तथा निवेशकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें सीकेदा डिप्टी एमडी रंजीत सिंह, फैक्ट्री मैनेजर, दीपक कुमार वरिष्ठ प्रगबंधक, गौरव शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक शामिल थे। मुख्य सचिव ने उद्योगपतियों की समस्याएं, प्रस्ताव और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एलपीजी, सीएनजी और पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। राजस्थान तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है और सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग दे रही है।

# आदर्श पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा में वार्षिक उत्सव 'सृजन' धूमधाम से आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

आदर्श पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा में वार्षिक उत्सव 'सृजन' के अंतर्गत पूर्व विद्यार्थी सम्मान, भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाँव के भामाशाह पंडित विश्वनाथ शर्मा (दामोदर शास्त्री चैरिटेबल ट्रस्ट, चेन्नई) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरहरि बाबू मैसूर (कर्नाटक) एवं संजीव (कर्नाटक) उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नेतराम यादव (प्रधानाचार्य, शहीद धर्मपाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा) ने की। मुख्य अतिथि विश्वनाथ शर्मा ने विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वहीं डॉ. दारासिंह बरवड़ द्वारा संचालित रक्षिता सेवा संस्थान की ओर से प्रतिभाशाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक एवं जीएसएस अध्यक्ष बेरला रतन सिंह चौहान, मनोज शर्मा, सेवानिवृत्त एसबीआई एजीएम सूरत सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच घनश्याम सिंह शेखावत, सतीश




जागिड़ गोलागढ़, हरिसिंह भूपेश (दिल्ली), पूर्व बैंक मैनेजर इन्द्रसिंह, दलीप सिंह शेखावत, मुकेश शर्मा (बलौदा), मुकेश शर्मा (आसलवास), नरेश अहलावत, पाबुदान सिंह शेखावत, मनोहर सिंह साहब, इन्द्रसिंह शेखावत, बीडीओ दारासिंह बरवड़, मेध सिंह सूबेदार, सूबेदार अर्जुन सिंह, लाल सिंह उरीका, जितेंद्र सिंह धुलवा, अर्जुनराम चौधरी, जयपाल चौधरी, रोहताश ठेकेदार, शिव कुमार शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, रामस्वरूप हवलदार, उम्मेद सिंह महपालवास, पवन बरवड़ (व्याख्याता), मास्टर सबीर, संदीप कुमार, राकेश प्रजापत सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेद सिंह चौहान ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छोटूराम बरवड़ (पूर्व सरपंच) द्वारा किया गया।

# खुले नाले में गिरा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचा चालक
## पालिका की अनदेखी से शहर में मंडरा रहा बड़ा खतरा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** 'लापरवाही जब हद पार कर जाए, तो हादसे दस्तक देने लगते हैं '–कुछ ऐसा ही मंजर गुरुवार दोपहर शहर के गढ़ रोड पर देखने को मिला, जहां सुनार कॉलोनी के सामने बिना पटाव के खुले और कीचड़ से भरे नाले में एक ट्रैक्टर अचानक गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में चालक की जान बच गई, वरना एक बड़ा अनर्थ हो सकता था। घटना ने एक बार फिर नगर पालिका की कार्यप्रणाली और शहर की बदहाल व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार गढ़ हिम्मतसिंह की ओर से मंडावर आ रहा एक ट्रैक्टर, जो सर्विस के लिए लाया जा रहा था, सामने से आ रहे वाहनों और आगे चल रहे साधनों को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे बने खुले नाले में जा गिरा। नाले पर लंबे समय से पटाव नहीं होने के कारण ट्रैक्टर सीधे उसमें गिर गया और क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान चालक ट्रैक्टर में फंस गया, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना ने स्थानीय लोगों के मन में भय और आक्रोश दोनों को जन्म दे दिया है। शहरवासियों का कहना है कि मंडावर की यातायात व्यवस्था पहले से ही अव्यवस्थित है,




ऊपर से खुले और क्षतिग्रस्त नाले 'आमंत्रण देते खतरे' बन चुके हैं। 'नाले खुले, जिम्मेदार आंखें मूंदे '–यह हाल केवल गढ़ रोड तक सीमित नहीं है, बल्कि पाखर रोड, अस्पताल रोड और अन्य प्रमुख मार्गों पर भी लंबे समय से नालों पर पटाव नहीं कराया गया है। इन खुले नालों में कई बार बेजुबान पशु गिरकर गंभीर घायल हो चुके हैं, वहीं दुपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सबसे गंभीर स्थिति सब्जी मंडी के पास पाखर रोड पर बने नाले की बनी हुई है, जहां एक वर्ष से अधिक समय से पटाव टूटा पड़ा है। कई बार अस्थायी रूप से रखी गई पट्टियां और फेरोकवर भारी वाहनों के गुजरते ही टूट जाते हैं, जिससे नाला अक्सर अवरुद्ध हो जाता है और उसका गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। वहीं इस बडी समस्या के चलते हुये यहाँ से गुजरने वाले दुपहिया, ई-रिक्शा और छोटे चौपहिया वाहनों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा हो जाता है और आए दिन उक्त नाले में वाहन फंसने व पलटने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बावजूद इसके, नगर पालिका के जिम्मेदार इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज करते हुए मौन साधे बैठे हैं, मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हों। वहीं दूसरी तरफ शहरवासियों का आक्रोश इस बात से भी बढ़ रहा है कि पूरे शहर की यातायात व्यवस्था महज दो-तीन ट्रैफिककर्मियों के भरोसे चल रही है, जिन्हें यातायात नियंत्रण के साथ-साथ चालान की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है। ऐसे में अव्यवस्थित यातायात और खुले नाले मिलकर खतरे को कई गुना बढ़ा रहे हैं। 'जब जिम्मेदार सो जाएं, तो हादसे जाग उठते हैं '–यह कहावत मंडावर की मौजूदा स्थिति पर सटीक बैठती नजर आ रही है।

### इनका कहना है??

जानकारी अनुसार ट्रैक्टर जहां दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, वहां सड़क चौड़ी है तथा शहर के सभी खुले नालों को ढंकना संभव नहीं है। सब्जी मंडी के पास बने नाले को शीघ्र ही मजबूत जाल लगाकर तैयार कराया जाएगा।

**सुमेरसिंह मीना, ईओ, नगरपालिका मंडावर**

# श्री रघुनाथ अस्पताल ने जयपुर मे निम्स अस्पताल में गंभीर बिमारी के इलाज के लिए निःशुल्क इलाज व वाहन की व्यवस्था

## आज जयपुर के लिए प्रातः 11 बजे श्री रघुनाथ अस्पताल से रवाना होगी गाड़ी,पंजियन की सुविधा उपलब्ध

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

श्री रघुनाथ अस्पताल की ओर से जयपुर में निम्स अस्पताल में गंभीर बिमारी के इलाज के लिए जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क इलाज व वाहन की व्यवस्था की गई है।

यह जानकारी देते हुए अस्पताल के महाप्रबंधक रघुवीर पारीक ने बताया कि निम्स अस्पताल के सहयोग से गत रविवार 22 मार्च को अस्पताल में आयोजित हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर के अवसर पर इस आशय की घोषणा की थी जिसकी पालना में गुरुवार से गंभीर बिमारी वालों का निःशुल्क इलाज के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था कर जयपुर निम्स अस्पताल में इलाज के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि निम्स अस्पताल की गाड़ी तय दिन पर आकर गंभीर बिमारी



वालों को जयपुर लेकर व वापस छोड़तीं है। उन्होंने बताया कि गंभीर बिमार व्यक्ति श्री रघुनाथ अस्पताल में संपर्क करें तथा अपने साथ आयुष्मान कार्ड व भामाशाह कार्ड अवश्य साथ रखें। उन्होंने बताया की 27 मार्च शुक्रवार को प्रातः 11 बजे श्री रघुनाथ अस्पताल से गाड़ी जयपुर निम्स अस्पताल के रवाना होगी। जरूरतमंद अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करवाने वालों को गाड़ी लेकर रवाना होगी।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छापोली की छात्रा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा 2026 में रा. उ. मा. वि. छापोली की छात्रा काजू सैनी ने 98' अंक प्राप्त कर किया क्षेत्र का नाम रोशन। इस अवसर आयोजित प्रतिभा समान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल गुप्ता ने बताया कि 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। 7



विद्यार्थियों ने 90' से अधिक अंक प्राप्त किये जिसमें काजू सैनी 98',रीना भाकर 95.33', रवीना भाकर -95', पूजा गुर्जर -93', प्रियांशु सामोता - 92.67', सोनल भाकर 92.50 तथा ऐसीका गुर्जर -92.50' रहें। कार्यक्रम में ACBEO 1 महेंद्र सैनी, ACBEO 2 बृजलाल देवठिया तथा सरपंच प्रीतनिधि रामलाल सैनी का मुख्य आतिथ्य रहे। इस अवसर विद्यार्थियों के अभिभावकों को, अध्यापको तथा विद्यार्थियों को सम्मानित कर पूरे गांव में रैली निकाली गई।इस अवसर स्टॉफ सदस्य पवन मीणा,नरेन्द्र जालोपिया, कैलाश मीणा, अशोक बॉयल, सरिता गुप्ता, सरोज, पूनम चौधरी, कमलेश कुमावत, सुरेश सैनी, विकास निर्मल, अनिल जांगिड़, जितेन्द्र मीणा, महिपाल यादव, अर्जुन यादव, रजनीश, मुकेश यादव, केशर लाल सैनी, मुकेश कुमार, रामस्वरूप कीरोड़िया, हरेंद्र वर्मा, रामस्वरूप किलानिया, गोपी चेजारा,विक्रम, लक्ष्मण मीणा, अशोक सैनी और हरिराम सहित सम्पूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र जालोपिया ने किया।

# झड़ाया बालाजी मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन कल

## कल हजारों की तदाद में श्रद्धालु बालाजी महाराज के लगाएंगे धोक, मांगेंगे मन्नत- मदनलाल भावरिया

### मेले के दौरान महिला एवं पुरुष पहलवानों का होगा कुश्ती दंगल दिखाएंगे दांव पेंच

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटीद्य**

**सुमेर मीणा ।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बालाजी मंदिर पर कल शुक्रवार को विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। भावरिया एवं मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान प्रसाद यादव अपनी जानकारी देते हुए बताया कि आज मेले के अवसर पर आसपास के गांव से हजारों की तादाद में श्रद्धालु आकर बालाजी महाराज के धोक लगाएंगे एवं मन्नत मांगेंगे द्य मेले का आयोजन मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा द्य मेला कमेटी के प्रभारी विकास जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा द्य भावरिया के अनुसार झड़ाया नगर पटेलो की ढाणी के कैलाश चंद पटेल ने पानी की व्यवस्था मेले में की है इतना ही नहीं कैलाश चंद पटेल चार माह तक मंदिर परिसर पर पानी की व्यवस्था निशुल्क रखेंगे द्य मेला कमेटी संयोजक मदनलाल भंवरिया मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान प्रसाद यादव के अनुसार मेले के दौरान ही विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन होगा जिसमें राजस्थान के अलावा देश-विदेश के महिला एवं पुरुष पहलवान कुश्ती दंगल में दांव पेंच दिखाएंगे द्य इस दौरान विकास जांगिड़ ,गोपी राम ,कालूराम कस्वा, रामनाथ , महादेव जांगिड़, जगदीश प्रसाद,गोदाराम बोकण, हनुमान प्रसाद यादव ,दीपचंद दादरवाल, हरनाथ, जगदीश गुर्जर ,आशीष जांगिड़,सुनील जांगिड़,मनीष शेखावत सहित कई लोग मौजूद रहें।

# राम आदर्शों का संदेश, एकता का संकल्पः टीकरी किलानोत में धूमधाम से मना श्रीराम जन्मोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** 'जहां आस्था होती है, वहीं से समाज में बदलाव की शुरुआत होती है '–इसी भाव को आत्मसात करते हुए गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंडावर तहसील की बैठक उपखंड क्षेत्र के ग्राम टीकरी किलानोत स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सादगी और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भोला सिंह राजपूत तथा जिला मंत्री खेमसिंह गुर्जर (एडवोकेट) ने की, जहां श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धा, संगठन और सामाजिक समरसता का संदेश मुखर होकर सामने आया। बैठक में जिला मंत्री खेमसिंह गुर्जर ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि 'राम केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन जीने की संहिता हैं, जिनके पदचिन्हों पर चलकर समाज में न्याय, अनुशासन और समानता स्थापित की जा सकती है।' उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद मंडावर द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया, जिसमें सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण कर जन-जन तक भक्ति का संदेश पहुंचाया गया।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष




भोला सिंह राजपूत, नौरंगपुरा ने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण ही समाज की असली शक्ति है और 'राम के रास्ते पर चलना ही सच्चे अर्थों में धर्म का पालन है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज में किसी भी प्रकार के ऊंच-नीच और भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, क्योंकि स्वयं भगवान श्रीराम ने सभी वर्गों और जातियों को साथ लेकर चलने का आदर्श प्रस्तुत किया और शबरी के प्रेम से दिए गए झूठे बेर स्वीकार कर उन्हे प्रेमपूर्वक खाकर समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया और बैठक का समापन हुआ। 'एकता में ही शक्ति है '–इस संदेश के साथ कार्यक्रम ने ग्रामीण अंचल में संगठनात्मक ऊर्जा और सामाजिक समरसता की नई चेतना का संचार किया। इस मौके पर रामजीलाल मास्टर, तेजसिंह नरूका, डॉ. राजेंद्र सिंह, कपिल महावर, मोहन सिंह, विशाल महावर, समर्थलाल शर्मा, प्यारेलाल शर्मा, आकाश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# श्रीराम का जन्मोत्सवः सर्व हितैषी व्यायाम शाला के तत्वाधान में निकाली गई भव्य शोभायात्रा मनाया श्री राम जन्मोत्सव

## यात्रा को लेकर सीआई रामनारायण चोयल के नेतृत्व में प्रशासन जगह जगह रहा चाक चौबंद

### श्रीराम के जयकारों ,भगवा पताकाओं और दुपट्टो से राममय हुई पर्यटन नगरी

### शोभायात्रा में तेज बारिश ने डाला खलल,श्रद्धालुओं में बना रहा खासा उत्साह

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** पर्यटन नगरी मंडावा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर में वर्षों पुरानी सर्व हितैषी व्यायाम शाला के तत्वाधान में सर्व समाज की तरफ से भव्य शोभायात्रा निकली गई जिसमें सेकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा में हर कोई भगवा रंग मे रंगा नजर आया। शोभायात्रा के मार्ग को भगवा पताकाओं और दुपट्टो सजाया गया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए जगह जगह स्वागत द्वार भी लगाए गए, जिससे समूचा शहर भगवामय नजर आया। वहीं भगवान श्रीराम के नारों से पूरा माहौल राममय हो उठा।

इस मौके पर शोभायात्रा पर जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान राम दरबार की सजीव झांकी सजाई गई शोभा यात्रा व्यायाम शाला परिसर से पितांबर मिश्रा बालकिशन भाटीवाडा ,नरेश सोनी ,नैना देवी, सुरेश पालड़ीवाला ,परमेश्वर चेजारा रामस्वरूप देवड़ा,चंद्र प्रकाश सेन के आतिथ्य में मुख्य पुजारी दयाराम भाटीवाडा ने विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद रवाना हुई। शोभायात्रा अखाड़ा परिसर से शुरू हो कर विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाष चौक, मुख्य बाजार, फतेहपुर स्टैंड से वापस अखाड़ा पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा ढोल ताशो,डीजे ओर ऊंट घोड़ों की अगुवाई में निकालते हुए भगवान श्री राम की सुंदर झाकियों और उनकी लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। यात्रा में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने शिरकत की। शोभायात्रा के दौरान तेज हवाओं के साथ हुई बरसात ने खलल डाला लेकिन श्रद्धालुओं में फिर भी उत्साह का संचार बना रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों ने शोभायात्रा ओर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की। इस अवसर पर श्री राम शर्मा, राधारमण शर्मा, संजय शर्मा लुमास,संदीप शर्मा, कैलाश पीपलवा, जगदीश चौहान, सुशील चोटिया,नवनीत भूतिया, नरेश मिश्रा, संजय परिहार, संदीप परिहार, राजेश रणजीरोत, आशीष कालोया , रविन्द्र शर्मा, किशोर सिंह चौहान, सहित अनेक श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।







### इन्होंने किया स्वागत

नगर में राम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा का भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए पालिका उपाध्यक्ष नबाब खत्री की अगुवाई में सौंथालियां दरवाजे के पास मुस्लिम समाज के सगीर धोबी, इकबाल खत्री, मुबारिक काजी, युनुस किलानिया, इकबाल सैयद, रशीद खत्री, अख्तर शेख, आसिफ शेख, उमर तंवर, आसिफ खत्री, सिकंदर सहित अनेक अल्पसंख्यक समाज के गणमान्य लोगों ने शोभायात्रा ओर श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की। वही शीतला मंदिर ओर तोलासरिया परिवार की ओर से भी शीतल पेय की व्यवस्था की गई।

# किशोरपुरा के चामुंडा माता मंदिर पर आज भरेगा भव्य मेला

### सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी, आकर्षक झाकियां, ओर ऊंट घोड़ियों का नृत्य, दिन भर चलेगा भंडारा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चंवरा।**

**सुमेर मीणा ।** किशोरपुरा के प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर में27मार्च शुक्रवार को पहली बार मेला भरेगा। सेवा समिति के पंकज मीणा किशोरपुरा,एवं अभिजीत सिंह शेखावत ने बताया मेले की शुरुवात सुबह 9, 15बजे कलश यात्रा के साथ होगी। गांव के रामसागर बालाजी मंदिर से कलश यात्रा शुरू होकर गांव की परिक्रमा के साथ पहाड़ की सीढ़ियों से माताजी मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद हवन की पूर्णाहूति होगी। कन्या पूजन के बाद भंडारा शुरू होगा। साधुओं का विदाई कार्यक्रम होगा। सांय 4, 15बजे कुश्ती प्रतियोगिता होगी। मेले में नामचीन घोड़ी ओर ऊंटों का नृत्य कार्यक्रम होगा।हरियाणा यूपी के कलाकारों द्वारा आकर्षक झाकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मेले में मंदिर पर सहयोग करने वाले भामाशाहों दानवीरों एवं सेवा भावी लोगों का अभिनंदन किया जाएगा।

# नीमराणा में हनुमान जी महाराज का आठवां विशाल भंडारा संपन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराणा।**

**रमेशचंद ।** नीमराणा नगर पालिका क्षेत्र के प्रताप सिंह पुरा में हनुमान जी महाराज का आठवां विशाल भंडारा संपन्न हुआ, जिसमें काफी लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर अंकुर शर्मा, आरती शर्मा, कोमल चौधरी, मन्नू तंवर एंड पार्टी द्वारा कंपटीशन रागनी कलाकारों के द्वारा प्रोग्राम किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष नीमराणा वेद प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद चौरसिया, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव सत्यवीर सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में दिलीप गुर्जर, दिलीप हवलदार, लालाराम सैनी, चुन्नीलाल सैनी, जंगली राम सैनी, बलवांता गुर्जर, कुंदन मासी, विजय सैनी और ग्राम वासी महिलाएं मौजूद रहे। भंडारे में उपस्थित लोगों ने हनुमान जी महाराज की पूजा- अर्चना की और प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन हनुमान जी महाराज की कृपा और लोगों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# हर्षोल्लास ओर धूमधाम से मनाया गया श्री राम मंदिर में राम जन्मोत्सव





### राम मंदिर समिति ने निकाली शोभायात्रा, सजाई सुंदर झाकिया

### शोभायात्रा में सजीव झाकियों के साथ अयोध्या के राम की भी सजाई सुंदर झाकी

### मुख्य बाजार में मुस्लिम समाज गणमान्य लोगों शोभायात्रा का पुष्पवर्षा के साथ किया स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे में नव निर्मित श्री राम मंदिर समिति द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जाल वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक मुख्य बाजार फतेहपुर स्टैंड से फतेहपुर बाईपास स्थित हैरिटेज कॉलोनी में पहुंच कर सम्पन्न हुई।इस दौरान शोभायात्रा में हर कोई भगवा रंग मे रंगा नजर आया। शोभायात्रा के मार्ग को भगवा पताकाओं और दुपट्टो सजाया गया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए जगह जगह स्वागत द्वार भी लगाए गए, जिससे समूचा शहर भगवामय नजर आया। वहीं भगवान श्रीराम के नारों से पूरा माहौल राममय हो उठा। यात्रा में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लेते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए नाचते गाते मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर भगवान श्री राम की झाकियों का शानदार प्रदर्शन किया गया। जगह जगह यात्रा का पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान तेज हवाओं के साथ हुई बरसात ने खलल डाला लेकिन श्रद्धालुओं में फिर भी उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों ने शोभायात्रा ओर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की। इस अवसर पर मंदिर कमेटी कार्यकारिणी सदस्यों सहित गणेश सैनी,अंगद देव सिंह बन्ना, सैनी, एडवोकेट पार्षद राजकुमार सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# सरकारी विद्यालयों में बेहतर संसाधनों के साथ मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा – सुशीला शर्मा

### 10वीं बोर्ड में 92.50 प्रतिशत के साथ भावना ने किया झेरली स्कूल को टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झेरली के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर उत्साहवर्धन किया गया। इस वर्ष भावना पुत्री समर्थसिंह ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तपस्या ने 86 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा पूजा ने 82.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी बेहतर संसाधनों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नियमित उपस्थिति, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारी स्कूल अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन से बड़े लक्ष्य हासिल कर रहे हैं। जरूरत है तो सिर्फ विश्वास, निरंतर प्रयास और सही दिशा में मेहनत की। कार्यक्रम में अभिभावक समर्थसिंह, शीशराम, रमेश सहित विद्यालय स्टाफ के संजीव कुमार, मंजू कुमारी, अमरसिंह, इंदिरा, सुनील कुमार, अशोक कुमार, शकुंतला देवी, विजय, अनुसूइया, नेहल, सुनीता शर्मा, करणी सिंह, कविता बालान व प्रदीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।




# युवा उद्यमी अहमदाबाद प्रवासी विष्णु चौधरी को मातृशोक



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शहर की वरिष्ठ सामाजिक व धर्मप्रेमी महिलाओं में शामिल प्रेमलता चौधरी का निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। प्रेमलता चौधरी, युवा वैश्य समाज राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अहमदाबाद प्रवासी उद्यमी विष्णु चौधरी की माताजी तथा नगरपालिका चिड़ावा की सहवृत्त सदस्य संगीता चौधरी की सास थीं। उनका अंतिम संस्कार गायत्री मंदिर के समीप स्थित मुक्ति धाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में शहरवासियों ने पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। जिनमें पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, भाजपा नेता राजेश दहिया, सीनियर आरपीएस नवाब खां, पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, अडूकिया स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, शीशराम हलवाई, पार्षद राजेंद्र कोच, कांग्रेस नेता प्रवीण कटेवा, वर्षा सोमरा, सुरेश जलिंद्रा, अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष गणेश हलवाई, युवा वैश्य समाज के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, अमित सुशील गोयल, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य व पूर्व सहवृत्त सदस्य मनीषा केडिया, भाजपा नेता सुरेश भूकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, केएल लाठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, सुनिल भड़िया, सज्जन गोदारा, प्रो. ऋचा जांगिड़, दिनेश दाधीच अहमदाबाद, हास्य कलाकार अंकिता योगी आदि प्रमुख है।

# राष्ट्रीय डांस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा झुंझुनू, एशियाई स्तर के लिए होगा भारतीय टीम का चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

खेल एवं कला के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में झुंझुनू शहर 27 से 29 मार्च 2026 तक 16वीं राष्ट्रीय डांसस्पोर्ट चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। यह भव्य आयोजन योगी स्टेडियम, झुंझुनू में एमेच्योर डांस फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं राजस्थान डांसस्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इस राष्ट्रीय आयोजन के साथ ही 5वीं नेशनल ब्रेकिंग चैंपियनशिप तथा 8वीं नेशनल बॉलीवुड एवं फ्री स्टाइल डांस चैंपियनशिप का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और आकर्षण और अधिक बढ़ जाएगा। आयोजन समिति के सचिव एवं राजस्थान डांसस्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष योगी ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के लगभग 20 राज्यों से 300 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, जो किड्स, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। तीन दिवसीय इस आयोजन में दर्शकों को रोमांचक एवं उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर की जजिंग पैनल भी शामिल रहेगा। विश्व डांस फेडरेशन के पर्यवेक्षक कोस्टो (रूस) विशेष रूप से झुंझुनू पहुंच चुके हैं। उनके साथ अंतरराष्ट्रीय जज विनोद शंकर (छत्तीसगढ़) एवं वसीम शमीम अहमद (मुंबई) प्रतियोगिता का मूल्यांकन करेंगे। वहीं संगीत संयोजन के लिए प्रसिद्ध डीजे इवान (हैदराबाद) अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन 27 मार्च को सायं 5:00 बजे शैलेंद्र नाथ अघोरी बाबा के सानिध्य में किया जाएगा। इस अवसर पर डांस फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विश्वजीत मोहती एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुब्रत शेखर सिंह (उड़ीसा) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

सुभाष योगी ने बताया कि इस चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी एशियाई एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम में किया जाएगा। झुंझुनू में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता से क्षेत्र में खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।आयोजन सचिव अधिवक्ता पूजा लीला सोलंकी ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। साथ ही उद्घाटन एवं समापन समारोह में खेल, कला एवं सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# नेशनल हाईवे-48 पर बड़ा हादसाः रोडवेज बस ट्रक में घुसी, चालक गंभीर घायल, कई सवारियां चोटिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराणा।**

**रमेशचंद ।** दिल्ली जयपुर नेशनल हाईवे48 पर जनकसिंहपुरा गांव के पास गुरुवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दिल्ली से सीकर जा रही राजस्थान रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कई सवारियों को चोटें आई हैं। हादसा उस समय हुआ जब ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही रोडवेज बस का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को सचखंड हॉस्पिटल की एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस चालक प्रताप सिंह (40) पुत्र भगवान सिंह, निवासी कलोटा (तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है और उसका अस्पताल में उपचार जारी है। बस में सवार कंडक्टर संजू पत्नी अशोक सिंह निवासी सीकर और रणवीर निवासी सीकर को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि आसिफ (21) पुत्र अमानत अली निवासी उदयपुरवाटी का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता से समय रहते घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





# 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ में रोज लग रही है आहुतियां

## आज पूर्णाहुति पर संतों का होगा सम्मान

### विशाल भंडारे का होगा आयोजन, श्रद्धालु करेंगे प्रसादी ग्रहण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटीद्य**

**सुमेर मीणा ।** सीकर जिले के नीमकाथाना के नजदीक काला कोटा दाऊ धाम आश्रम पर परम पूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ मैं रोज विद्वान पंडितो द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी जा रही है द्य विद्वान यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री पंडितों के साथ यज्ञ में आहुति दिलवा रहे हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने बताया कि यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री कई यज्ञो में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने बताया कि संतो के हर वचन अनमोल होते हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने भी यज्ञ स्थल पर परिक्रमा कर पुण्य कमाया द्य दाऊ धाम आश्रम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद भी लिया आज पूर्णहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालु भंडारे में प्रसादी ग्रहण करेंगे द्य इस दौरान यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री, जितेंद्र भारती, टोडा सरपंच सीताराम यादव, दीपक रोहिल्ला, मोहनलाल पसारी ,नरेंद्र सिंह ,अजीत यादव, कथावाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले ,कप्तान रामनिवास ताखर ,रामेश्वर लाल, मुकेश दाऊ धाम ,सहित हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल पर परिक्रमा कर पुण्य कमाया



# साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छीलरी में राज्य सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने उत्साह के साथ अपनी नई शुरुआत की ओर कदम बढ़ाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रधान संजू नेहरा ने कहा कि यह योजना केवल सुविधा नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राएं बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकेंगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जो जीवन को नई दिशा देता है। सरकार की इस पहल से बेटियां अब और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी। हमें यह सुनिश्चित करना है कि इन संसाधनों का सही उपयोग करते हुए हम शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाइयों को छुएं। कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षित जीवन के लिए यातायात के सामान्य नियमों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे साइकिल का उपयोग सावधानीपूर्वक कर सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पूर्ण सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार और विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



# टोहाना के थाना जाखल पुलिस की कार्रवाई 7 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

### गुप्त सूचना के आधार पर कच्चे रास्ते से पकड़ा गया युवक, NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जाखल।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जाखल पुलिस ने एक युवक को हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि एएसआई मनीष अपनी टीम के साथ गश्त व अपराध जांच के दौरान बस अड्डा म्योद खुर्द के पास मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक गांव चुहड़पुर से म्योद खुर्द की ओर नशीला पदार्थ बेचने के उद्देश्य से आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी और एक संदिग्ध युवक को काबू किया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़कर जाने का प्रयास कर रहा था। पूछताछ में आरोपी की पहचान रवि पुत्र रेशम सिंह निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। इस संबंध में थाना जाखल में अभियोग संख्या 36 दिनांक 25.03.2026, धारा 21B/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा नशा सप्लाई चेन के संबंध में गहन जांच की जा रही है।



# विवेकानन्द स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे, शहर में निकाली भव्य विजय रैली

## खुशी सोनी ने 99प्रतिशत अंकों के साथ चिड़ावा में किया टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

मंड्रेल्ला रोड स्थित विवेकानन्द पब्लिक सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में ऐतिहासिक परिणाम आने पर गुरुवार को शहर के मुख्य मार्गों से भव्य विजय रैली निकाली। विद्यालय पहुंचने पर निदेशक शिवचन्द सैनी, सचिव कोशी सैनी और प्रिंसिपल विनोद कुमार सैनी ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया और रैली को रवाना किया। परीक्षा परिणामों में विद्यालय की छात्रा खुशी सोनी पुत्री पवन कुमार ने 99' अंक प्राप्त कर पूरे चिड़ावा क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ज्योति पुत्री उमराव सिंह: 94.33', योगेश पुत्र संजय: 93.83', तनीषा पुत्री अशोक कुमार: 93.17', ऋषभराज पुत्र वीरेंद्र: 92.83', राशि पुत्री अमित लाटा: 92.17', वंशिका पुत्री रोशनलाल: 91.50', साक्षी पुत्री सत्यपाल: 90.83' विशाल पुत्र मुकेश कुमार: 90.33' अंक प्राप्त कर संस्था का एवं परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया।




शैक्षणिक सत्र के साथ-साथ खेलों में भी विद्यालय का दबदबा रहा। हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा 'राजस्थान खेल गौरव पुरस्कार' से सम्मानित विद्यालय की छात्रा उदीप्ति सैनी, हिय शर्मा और कोच लीना कुमारी का भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष सम्मान किया गया। इन खेल प्रतिभाओं ने भी विजय रैली में शामिल होकर उत्साह बढ़ाया। विजय रैली के दौरान विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने डी जे पर नाचकर खुशी मनाई पूरा वातावरण 'विवेकानन्द स्कूल' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ से रविकान्त शर्मा, घनश्याम, रमेश शर्मा, मनोज वर्मा, दीपक स्वामी, दिनेश शर्मा, राजेश सैनी, अजय जांगिड़, विकास सैनी, सुनील सैनी, मुकेश सैनी, निशा शर्मा, संगीत वर्मा, माया, अंजलि सैनी, वंदना शर्मा, राजेश्वरी, संगीता शर्मा, ज्योति, रेखा, पालक, राखी, मोना शर्मा, पिंकी, ललिता सैनी, सुमन, अल्का शर्मा, संजू सैनी, पवन शर्मा, विनोद, अशोक सैनी, जयकरण, चंपा, देवकी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# फेसबुक-इंस्टाग्राम विज्ञापन के जरिए ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 1.04 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा** । थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 हजार रुपए नगदी भी बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है, जबकि मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन (आईपीएस) के दिशा-निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के तहत पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरिंद्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी हरगोविंद नगर, जैतो जिला फरीदकोट (पंजाब) तथा बिट्टू पुत्र गोविंदा सिंह निवासी टिब्बी साहिब रोड, जैतो जिला फरीदकोट (पंजाब) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि टोहाना निवासी जितेंद्र पुत्र अशोक कुमार ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पुराने सिक्के व नोट खरीदने के नाम पर विज्ञापन दिखाकर उसे अपने जाल में फंसाया। इसके बाद विभिन्न चार्ज के नाम पर कई बार ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाए गए। इस प्रकार आरोपियों ने शिकायतकर्ता से कुल 1,04,549 की ठगी की। शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में अभियोग संख्या 19 दिनांक 21 मार्च 2026 को धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है।



# राज्याभिषेक के साथ हुआ श्री रामकथा का समापन, वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी बोले - हृदय में विराजे राम को पहचानने

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शहर के रेलवे स्टेशन के पास श्री दुर्गा मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज चिड़ावा की ओर से आयोजित श्री राम कथा के अंतिम दिन राज्याभिषेक के साथ कथा का विधिवत समापन हुआ। संगीतमय श्री रामकथा में प्रसिद्ध कथा वाचक दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने कहा कि राम घट - घट में विराजमान है। केवल राम को हृदय में खोजकर उनके प्रति समर्पित होने की आवश्यकता है। तिवाड़ी ने अंतिम दिन प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। तिवाड़ी ने मानस प्रेमियों को बताया कि रामचरितमानस प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होने कहा रामायण संमार्ग पर चलना सिखाती है व भाई -भाई से प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा के आखिरी दिन राज्याभिषेक के समय राजा रामचंद्र जी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। तिवाड़ी ने कहा कि भगवान राम जब रावण को मारकर अयोध्या वापस आए तो अयोध्यावासियों ने उनका बड़े



उत्साह के साथ स्वागत किया।अयोध्यावासियों ने फूल वर्षा कर तथा घर में उत्सव मनाकर घी के दिए जलाकर के राम, लक्ष्मण तथा सीता का स्वागत किया। श्री रामचंद्र जी के राज्याभिषेक में समस्त ब्रह्मांड के देवी देवता पधारे थे। सभी ने राम को राजा बनते देखकर अपार हर्ष व्यक्त किया था। उन्होंने हिंदू धर्म को बढ़ाने के लिए सभी हिंदुओं को धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने और उनमें अधिकाधिक संख्या में खुद भी आने और बच्चों को संस्कारित करने के लिए उनको भी धार्मिक आयोजनों में लाकर धर्म की प्रति जागृत करने का आह्वान किया। इस मौके पर कथा वाचक वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी का श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज चिड़ावा की ओर से अभिनंदन भी किया गया। समाज अध्यक्ष राजेश सोनी भामा सहित समाज के विशिष्ट जनों ने शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर और माला पहनाकर तिवाड़ी का अभिनंदन किया। इस दौरान भगवान राम के राज्याभिषेक की सजीव झांकी ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मनोज रोडा, अरविंद रोडा, जयप्रकाश सोनी, सुभाष वर्मा, दिनेश, सौम्या सोनी, बालकिशन शर्मा, गोविंद सोनी, चंद्रमोली पचरंगीया, मयंक सोनी, ऋषिकेश कुमावत, नरेश, प्रमोद, मुकेश कुमार, बाबूलाल सोनी, अमित, मदन, श्याम सुंदर शर्मा, शीशराम, जगदीश प्रसाद, लीलू सिंह, जनार्दन रोडा, सुलोचना देवी, सुमन देवी, पूजा, मंजू देवी, आशा देवी, हेमलता देवी, गुड्डी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

# श्री महासर धाम मूवी का पोस्टर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने लान्च किया, अप्रैल में प्रिमियर होगा




**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण** । श्री महासर माता प्रोडक्शन के सानिध्य में बनी श्री महासर धाम मूवी का पोस्टर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा चंडीगढ़ स्थित सीएम आफिस में लान्च कर दिया है। यह फिल्म शीघ्र ही अप्रैल में सिनेमा हालों में दिखाई जाएगी यह मूवी महासर माता की महिमा पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग महासर माता मंदिर व आस-पास के गांवों में होने के साथ मुंबई के कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया गया है। फिल्म के निर्माता भामाशाह श्रीधर गुप्ता,सह निर्माता दीपक अग्रवाल, हुक्म चंद कादमवाला, निर्देशक सन्नी अग्रवाल, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर संतोष पंसारी, कथा रमन द्विवेदी की है। फिल्म में प्रमुख कलाकारों में रामायण में सीता का रोल करने वाली दिपिका चीकलीया, अलिसेंद्र मिश्रा, रेखा वशिष्ट, एमडी देशी राक स्टार, पुष्कर सैनी, अमित सैनी सहित स्थानीय कलाकार है यह फिल्म दो घंटे की होगी। फिल्म के निर्माता श्रीधर गुप्ता व निर्देशक सन्नी अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने पर उन्होंने फिल्म को टैक्स फ्री, अनुदान व पिमियर पर उपस्थित होने की बात कही है। बता दें कि इन दिनों अटेली क्षेत्र के गांव महासर में माता का मेला नवरात्र के उपलक्ष्य पर चल रहा है तथा मूवी के निर्माता, निर्देशक व अन्य कलाकार आये हुए है। फिल्म के निर्माता श्रीधर गुप्ता की पहल पर महासर माता के मंदिर का जीर्णोद्धार व माता परिसर का सौंदर्यीकरण व भव्य धर्मशाला का निर्माण हुआ है।

# थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की पहल: महिलाओं को साइबर अपराध व सोशल मीडिया सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

### गांव बानगांव (भट्टू कलां) में महिला एएसआई द्वारा डिजिटल अरेस्टिंग सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद द्वारा गांव बानगांव (भट्टू कलां) में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान साइबर थाना में तैनात महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता ने ग्रामीण महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एएसआई सुनीता ने महिलाओं को बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग विभिन्न तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं, जिनमें फर्जी कॉल, व्हाट्सएप मैसेज, फेसबुक/इंस्टाग्राम विज्ञापन, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड तथा केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से 'डिजिटल अरेस्टिंग' के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि कुछ ठग खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डराते हैं और पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं, जबकि ऐसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। उन्होंने महिलाओं को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ



अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या व्यक्तिगत दस्तावेज साझा न करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध लिंक या ऑफर पर क्लिक करने से बचें। इसके अलावा, यदि कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज प्राप्त होता है तो तुरंत इसकी सूचना साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भी अपने सवाल पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। पुलिस द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जानकारी से महिलाएं काफी जागरूक हुईं और उन्होंने भविष्य में सतर्क रहने का संकल्प लिया।

थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद द्वारा आमजन को साइबर अपराधों से बचाने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग जागरूक होकर सुरक्षित डिजिटल जीवन जी सकें।

# टोहाना में घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से जनता परेशान

## बुकिंग के बाद 15 से 20 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । टोहाना के हर दूसरे तीसरे घर से यह शिकायत सुनने व देखने में आ रही है उनकी सभी की एक ही शिकायत है कि हमने 15से 20दिन पहले सिलेंडर बुक करवाया था परंतु अब तक कोई संतुष्ट जनक जबाब नहीं मिल पा रहा है। उधर टोहाना प्रशासन का कहना है कि घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। जनता सरे आम सिलेंडर लिये घूमती देखी जा सकती है स्थानीय लोगों का कहना है कि टोहाना शहर में दो गैस वितरण एजेंसी है परंतु इन सबके बावजूद जनता का हर वर्ग गैस समय पर न मिलने के कारण परेशान है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी इस कदर है कि एक गैस सिलेंडर निर्धारित कीमत के बाद एक हजार रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर पंद्रह सौ रूपये तक ब्लैक में लोग खरीदते सुने गये है।शहर के हर वार्ड व मौहल्ले में लोगों में एक ही चर्चा है कि अगर ईरान -अमरीका युद्ध कुछ दिन और चला तो उन्हें शायद और मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।उधर स्थानीय प्रशासन का कहना है कि किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर वितरण में कोई शिकवा शिकायत नहीं है परंतु सच्चाई प्रशासन के इस प्रकार के व्यक्तव्यों से कोशों दूर है क्योंकि धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है क्योंकि गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में कहीं ना कहीं लौचा दिखाई देता है।एक केटरिंग का काम करने वाले व्यक्ति ने कहा कि जब मैंने साई ली तब सबकुछ समान्य था परंतु अब कमर्शियल गैस सिलेंडर कहीं ना मिलने से साई के पहले से निर्धारित प्रोग्राम में हमें ब्लैक में सलिंडर लेना पड़ रहा है।शहर टोहाना के कांग्रेसी नेता चौधरी रामेश्वर विश्नोई ने कहा कि टोहाना में दोनों गैस एजेंसीयों की डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की विजिलेंस से जांच हो तथा शहर व देहात में ब्लैक हो रही गैस सिलेंडर वितरण की पूर्णतया जांच हो।

# फतेहाबाद व टोहाना में पेट्रोल पंपों पर किसी आशंका को लेकर अफरा तफरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/टोहाना।**

**विजय रंगा(ब्यूरो चीफ)** । ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध तनाव का सीधा और कड़ा असर अब भारतीय आम आदमी की जेब और दैनिक व्यवस्था पर दिखने लगा है। वैश्विक स्तर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के लगभग बंद हो जाने और दोनों देशों द्वारा ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाने से ग्लोबल सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिसका खामियाजा स्थानीय उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। देश की सबसे बड़ी निजी तेल कंपनी नायरा एनर्जी ने कीमतों में भारी बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है, जिसके तहत पेट्रोल के दामों में 5 रुपये और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर का बड़ा उछाल आया है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि सरकारी तेल कंपनियों विधानसभा चुनावों के बाद तेल के रेट बढ़ा सकती है। भूना रोड स्थित नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कीमत 96.24 रुपये से बढ़कर अब 101.24 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है। कीमतों में इस अचानक वृद्धि के साथ-साथ शहर में ईंधन की भारी किल्लत भी पैदा हो गई है। पिछले कुछ दिनों से पीछे से तेल की सप्लाई न आने के कारण स्थानीय पंपों पर स्टॉक न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जिससे पंप संचालकों ने तेल देने से मना करना शुरू कर दिया है। शहर के मुख्य मार्ग, विशेषकर हिसार - सिरसा रोड पर स्थित कई पेट्रोल पंपों पर डीजल पूरी तरह खत्म हो चुका है। सिरसा



रोड स्थित खुशीराम भरोसा शुद्धता और सही माप का खुशी राम पेट्रोल परमानंद पेट्रोल पंप पर सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है, जबकि मांझू पंप जैसे अन्य केंद्रों पर तेल भरवाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खुशीराम परमानंद पेट्रोल पंप के संचालक शंटी मोंगा ने बताया कि हमारे पास केवल सरकारी गाड़ियों के लिए ही तेल बचा है। आपूर्ति नहीं होने के कारण आम लोगों को तेल उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। पंप संचालकों का स्पष्ट कहना है कि यह समस्या स्थानीय स्तर पर नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण कंपनियों द्वारा की जा रही सप्लाई कटौती का परिणाम है। इस किल्लत और अनिश्चितता के बीच शहर के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की सिरसा रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पर 7लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई है कि तेल डलवाने के नंबर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच आपसी झगड़े भी शुरू हो गए हैं। गुरु जंभेश्वर मंदिर के सामने स्थित मनीराम एंड ब्रदुर्स पंप पर भारी भीड़ जमा होने और झगड़े की सूचना के बाद प्रशासन को हरकत में आना पड़ा। वर्तमान में शहर के विभिन्न पंपों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है, जो बेकाबू होती भीड़ और लाइनों को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। फतेहाबाद पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान गुरदीप सिंह ने बताया कि जिले में बीपीसीएल और एचपीसीएल के पंपों पर पर्याप्त सप्लाई नहीं आ रही है। दो तीन दिन तक गाड़ियां नहीं आ रही। इस कारण समस्या बढ़ी है। हालांकि, इंडियल ऑयल के पंपों पर अभी कोई दिक्कत नहीं है।

## हिसार जिला कारागार में सघन तलाशी अभियान

# सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक कुलवंत के नेतृत्व में हिसार जिला कारागार में एक सघन तलाशी अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। यह अभियान जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, अवांछनीय गतिविधियों पर नियंत्रण और संभावित आपराधिक जोखिमों को रोकने के उद्देश्य से चलाया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखना, प्रतिबंधित सामग्री की संभावित बरामदगी सुनिश्चित करना एवं किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकना था। संयुक्त टीमों ने बैरकों, शौचालयों, रसोईघर, गलियारों और अन्य संवेदनशील स्थानों की गहन जांच की। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जेल में बंद अपराधियों




की न्यायालय में पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि यह प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और समयबद्ध रूप से संचालित हो रही है या नहीं। इस व्यवस्था से न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक दक्ष होंगी तथा सुरक्षा जोखिमों में भी कमी आएगी। यह अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुनियोजित और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। पुलिस बल, जेल प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच उत्कृष्ट तालमेल देखने को मिला, जिससे यह कार्रवाई सफल रही। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने कहा, 'औचक निरीक्षणों के माध्यम से जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मज़बूत किया जा सकता है तथा आपराधिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यह अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।' पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि ऐसे तलाशी अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि जेल प्रशासन में पारदर्शिता, अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने इस अभियान में सहभागिता निभाने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहना एवं बधाई दी।

# कुलदीप यादव पत्नी वंशिका के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे

## पूजा-दर्शन करके 56 भोग अर्पित किए; शादी के बाद पहली बार वृंदावन आए

मथुरा (एजेंसी)। क्रिकेटर कुलदीप यादव ने पत्नी वंशिका के साथ वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए। वे मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे मंदिर पहुंचे थे। दोनों ने देहरी (चौखट) पर इत्र लगाकर सेवा की। भगवान को 56 भोग अर्पित किए। शादी के बाद दोनों



पहली बार मथुरा पहुंचे थे।

कुलदीप इतनी गुपचुप तरीके से वृंदावन पहुंचे कि किसी को इसकी भनक तक नहीं हुई। फोटो-वीडियो सामने आने के बाद बुधवार सुबह लोगों को इसकी जानकारी हुई। दोनों करीब 25 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान मंदिर के गार्ड उन्हें घेरकर खड़े रहे। मंदिर के सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कुलदीप के परिवार ने उनके आने की जानकारी दी थी। भीड़भाड़ से बचने के लिए इसे गोपनीय रखने को कहा था। मंदिर पहुंचने पर मैंने और नितिन सांवरिया ने पूजा-अर्चना कराई। इत्र देकर चौखट की पूजा करवाई। भगवान की प्रसादी माला भेंट की। करीब एक घंटे वृंदावन में रहने के बाद दोनों दिल्ली रवाना हो गए। गर्भ गृह के पास चंदन कोठरी पर पहुंचे कुलदीप और वंशिका को सेवायत लवेश गोस्वामी ने भगवान की प्रसादी माला पहनाई। पूजा के बाद पुजारी ने प्रसाद के रूप में कुलदीप को वॉल हैंगिंग और वंशिका को मोर पंनख लगी बांसुरी भेंट की।

### 14 मार्च को मसूरी में हुई थी शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को मसूरी में शादी की थी। शादी में क्रिकेटर रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी पहुंचे थे। 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन पार्टी हुई थी। सीएम योगी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कुलदीप-वंशिका को आशीर्वाद दिया था।

# केकेआर ने रसेल की जर्सी नंबर 12 रिटायर की

## ● आईपीएल में 11 साल टीम का हिस्सा रहे, 2 बार खिताब जिताया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के सम्मान में उनकी जर्सी नंबर 12 को रिटायर कर दिया है। रसेल 2014 से 2025 तक टीम का हिस्सा रहे, सिर्फ 2017 सीजन को छोड़कर। पिछले साल नवंबर में उन्होंने आईपीएल से संन्यास लिया और अब टीम के पावर कोच की भूमिका निभा रहे हैं।







● **केकेआर के लिए खेले 133 मैच, 11 सीजन तक रहे पिलर-** आंद्रे रसेल का आईपीएल करियर मुख्य रूप से कोलकाता नाइट राइडर्स के इर्द-गिर्द ही रहा। उन्होंने अपने कुल 140 आईपीएल मैचों में से 133 मैच सिर्फ च्यक्र के लिए खेले। वे 11 सीजन तक टीम के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहे। रसेल ने न केवल अपनी बल्लेबाजी से, बल्कि अपनी डेथ ओवर गेंदबाजी से भी टीम को कई मुश्किल मैचों में जीत दिलाई।

● **2014 और 2024 की खिताबी जीत का रहे हिस्सा-** रसेल दो बार केकेआर की खिताबी जीत (2014 और 2024) का हिस्सा रहे। 2014 में उन्होंने सिर्फ 2 मैच खेले थे, लेकिन 2024 में टीम को चैंपियन बनाने में उनकी भूमिका सबसे बड़ी रही। उस सीजन में रसेल ने 15 मैचों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए और 19 विकेट भी झटके। गेंदबाजी में उनका औसत 15.52 का रहा, जो किसी भी ऑलराउंडर के लिए बेहतरीन आंकड़ा है।

● **कोचिंग पर बोले रसेल- खिलाड़ियों को वापस देने का समय है-** कोच की नई भूमिका को लेकर रसेल ने कहा,मुझे नहीं लगता कि कोच बनने से मेरी मानसिकता में कोई बदलाव आया है। यह उन खिलाड़ियों को कुछ वापस देने जैसा है जिनके साथ और जिनके खिलाफ मैं सालों तक खेला हूं। मुझे वापस आकर इन लड़कों की मदद करने में बहुत अच्छा लग रहा है।

### ग्लोबल नाइट राइडर्स फैमिली का भी रहे चेहरा

रसेल का नाता सिर्फ आईपीएल वाली केकेआर से ही नहीं रहा, बल्कि वे नाइट राइडर्स की अन्य फ्रेंचाइजी के लिए भी खेलते रहे हैं। वे आईएलटी 20 में 'अबू धाबी नाइट राइडर्स' और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रहे। इन दोनों ही टीमों के लिए उन्होंने 4-4 सीजन खेले हैं। इसके अलावा 2014-15 के चैंपियंस लीग टी-20 में भी उन्होंने च्यक्रको फाइनल तक पहुंचाने में मदद की थी।

### एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट

# भारतीय तीरंदाजों ने जीते 2 ब्रोंज मेडल

## मेंस रिकर्व और विमेंस कंपाउंड टीम फाइनल में पहुंची; कजाकिस्तान से होगा मुकाबला

**थाईलैंड (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में चल रहे एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट (स्टेज-1) के दूसरे दिन भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने बुधवार को दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसके साथ ही भारतीय खिलाड़ियों ने मेंस रिकर्व और विमेंस कंपाउंड टीम इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है।

**विमेंस कंपाउंड टीम- थाईलैंड को हराकर फाइनल में पहुंची-** महिला कंपाउंड टीम ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 229-226 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चिकिता तनिपार्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की टीम अब खिताबी मुकाबले में तीसरे नंबर की सीड कजाकिस्तान से भिड़ेगी। पिछले साल टीम ने ब्रॉन्ज जीता था।




**मेंस कंपाउंड टीम सेमीफाइनल में हारी-** पुरुष कंपाउंड टीम को सेमीफाइनल में वियतनाम से 233-234 से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास बढ़त थी, लेकिन आखिरी पलों में मुकाबला हाथ से निकल गया। हालांकि टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में भूटान को 234-232 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी टीम अपना खिताब डिफेंड करने में नाकाम रही। सेमीफाइनल में वियतनाम के खिलाफ एक समय भारतीय टीम 5 पॉइंट की बढ़त पर थी, लेकिन दूसरे और तीसरे एंड में वियतनाम ने परफेक्ट 60 का स्कोर कर वापसी की और भारत को 234-233 से हरा दिया।

### मेंस रिकर्व टीम- मलेशिया को 5-1 से दी शिकस्त


पुरुष रिकर्व टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार की टीम ने बिना कोई सेट गंवाए जीत दर्ज की और अब फाइनल में कजाकिस्तान से मुकाबला होगा। पहले सेट को भारत ने 53-50 और दूसरे को 53-52 से जीता। तीसरे सेट में मुकाबला 56-56 की बराबरी पर रहा, जो भारत को फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। वहीं, महिला रिकर्व टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि फोर की टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# बेन डकेट ने आईपीएल से नाम वापस लिया

## ● 2 साल के बैन का खतरा, सीएसके ने एलिस की जगह जॉनसन को किया शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से नाम वापस ले लिया है। खराब फॉर्म के बीच अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। हालांकि, आखिरी समय पर हटने के कारण उन्हें आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले साल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर सख्ती करने का फैसला किया था।

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।



**डीसी ने 2 करोड़ में खरीदा था, पथुम निसांका से मिल रही थी चुनौती-** दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार आईपीएल खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाड़ी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी। प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की न होने और फॉर्म के संकट को देखते हुए उन्होंने भारत आने के बजाय नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने का फैसला किया है।

**डकेट बोले- दिल्ली से माफी मांगता हूं, यह करियर के लिए जरूरी था-** 31 साल के डकेट ने 'द टेलीग्राफ' से बातचीत में कहा, यह बहुत कठिन फैसला था और मैं दिल्ली कैपिटल्स के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। जब मुझे ऑक्शन में चुना गया था, तब मैं बहुत उत्साहित था। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है, लेकिन मैंने अपने करियर के बारे में बहुत सोचा और मुझे लगा कि अभी यही सही फैसला है।

### जॉनसन के लिए पिछला साल रहा था मुश्किल

जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। 30 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अब तक 5 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसके अलावा वह 71 टी20 मुकाबलों का अनुभव भी रखते हैं।

जॉनसन पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं। वह 2024 में गुजरात टाइटंस और 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। 2024 सीजन में उन्होंने 5 मैचों में 4 विकेट लिए थे, जबकि 2025 में 4 मैचों में सिर्फ 1 विकेट हासिल कर सके। हालांकि, पिछले आईपीएल के बाद उन्हें बैक इंजरी हो गई थी, जिसके कारण वह बिग बैश लीग और 2026 टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर रहे। वहीं, पिछले साल आईपीएल के मिनी ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

# सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूक गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है।

### इस जॉनर में अभिनय करेंगे अभिषेक बच्चन

वैरायटी इंडिया के मुताबिक 'किंग' फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है।

### फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के टीजर में शाहरुख खान एक्शन अंदाज में नजर आए थे।

### रोल में एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं अभिषेक

अभिषेक बच्चन के पास एक और फिल्म है, जिसे रितेश देशमुख ने निर्देशित किया है। फिल्म का नाम 'राजा शिवाजी' है। यह एक ऐतिहासिक फिल्म है जो छत्रपति शिवाजी महाराजा पर होगी।



# अल्लू अर्जुन संग साउथ फिल्म में अनुष्का शर्मा की एंट्री!

## क्या 8 साल बाद करेंगी वापसी?

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। अब नई खबरों के अनुसार, अनुष्का शर्मा भी इस साइंस फिक्शन फिल्म में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड की एक और बड़ी स्टार इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाली हैं। बताया जा रहा है कि वे फिल्म में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही हैं और अगर यह सच साबित होता है, तो यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### अनुष्का शर्मा की आखिरी फिल्म

अनुष्का शर्मा आखिरी बार 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ आई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं। तब से वो किसी लीड रोल में नजर नहीं आई हैं। यह बताना जरूरी है कि निर्माता के तौर पर काम करने के बाद से अनुष्का किसी भी एक्टिंग प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में नहीं हैं। वह 2022 में पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' में काम करने वाली थीं।

### अनुष्का की फिल्म टलने की आशंका



हालांकि, इसके टलने की आशंका है और यहां तक कि इसके बंद होने की भी अफवाहें हैं। अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली फिलहाल अपने बेटे और बेटी के साथ लंदन में रहते हैं।

### अल्लू अर्जुन के साथ ये एक्ट्रेसेस भी

फिल्म की बात करें तो, खबरों के मुताबिक इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना समेत कई फीमेल एक्टर्स नजर आ रही हैं। ऐसी भी चर्चा है कि रश्मिका मंदाना फिल्म में निगेटिव रोल कर सकती हैं। अल्लू अर्जुन भी फिल्म में कई किरदारों में नजर आएंगे।

### अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म

फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर द्वारा तैयार किया जाएगा। वहीं, एटली के साथ काम करने के बाद, अल्लू अर्जुन लोकेश कनगराज के साथ काम करेंगे, जिसमें मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध संगीत देंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने वाली है।

# क्या मणिरत्नम की फिल्म में नजर आएंगे विजय सेतुपति?

## गर्मियों में शुरू होगी शूटिंग

**साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में काफी व्यस्त हैं। विजय जल्द ही मशहूर निर्देशक मणिरत्नम की अगली फिल्म में काम शुरू करने वाले हैं। जानिए कैसी होगी फिल्म और कौन होगी फिल्म की मुख्य अभिनेत्री?**

### कैसी होगी विजय की आने वाली फिल्म



यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। इसमें विजय के साथ साई पल्लवी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। विजय की मणिरत्नम के साथ यह दूसरी फिल्म है। इस फिल्म से पहले वह मणिरत्नम के साथ 2018 में फिल्म 'चेक्का चिवंथा वानम' नाम की फिल्म में काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार कुछ बिल्कुल अलग और नया करने जा रहे हैं।

### कब शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग इस साल गर्मियों में शुरू हो सकती है। इस फिल्म के म्यूजिक के लिए प्रतिभा साई अभ्यंकर से बात चल रही है। फिल्म को मद्रास टॉकीज और लाइका प्रोडक्शंस मिलकर बना रहे हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

विजय सेतुपति की आने वाली तमिल फिल्म 'अरसन' है। इसमें सिलंबरासन मुख्य भूमिका में हैं। यह एक गैंगस्टर एक्शन ड्रामा है, जिसका संगीत अनिरुद्ध रविचंदर दे रहे हैं। पहले अफवाहें थीं कि व्यस्तता के कारण विजय इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए, लेकिन अब विजय ने साफ कर दिया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग जारी है।

### पॉकेट नॉवेल में नजर आएंगे विजय

विजय सेतुपति निर्देशक थियागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में काम कर रहे हैं। इसमें मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में किशोर भी महत्वपूर्ण किरदार में होंगे। इसकी पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। इसका संगीत इलैयाराजा का है।

# श्रेया घोषाल

## ने प्रैक्टिस समझकर गाया था ये गाना! महज 16 साल की उम्र में यूं मिला नेशनल अवॉर्ड



बॉलीवुड की लीजेंडरी सिंगर श्रेया घोषाल आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं, लेकिन उनके करियर की शुरुआत किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। महज 16 साल की उम्र में फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली ने उनके टैलेंट को पहचाना। भंसाली ने श्रेया घोषाल को फिल्म %देवदास% के गाने %बैरी पिया% के लिए चुना गया। यह गाना श्रेया के करियर का पहला बॉलीवुड प्लेबैक सॉन्ग था और दिलचस्प बात यह है कि पहले ही बॉलीवुड गाने के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड मिल गया। नुशरत बद्र के लिखे और ऐश्वर्या राय व शाहरुख खान पर फिल्माए गए इस गाने ने श्रेया को रातों-रात स्टार बना दिया था।

**स्टूडियो में प्रैक्टिस समझकर गा दिया पूरा गाना**



श्रेया घोषाल के पहले गाने बैरी पिया से जुड़ा एक बेहद दिलचस्प किस्सा है। संजय लीला भंसाली ने श्रेया को रिकॉर्डिंग स्टूडियो में सिर्फ यह देखने के लिए बुलाया था कि वह इस गाने को गाने में कितनी कंफर्टेबल हैं। श्रेया को लगा कि यह सिर्फ एक प्रैक्टिस सेशन है, इसलिए उन्होंने बिना कोई खास प्रेशर लिए हेडफोन लगाए और गाना शुरू कर दिया। जब वह बीच में रुकीं, तो संजय लीला भंसाली ने उन्हें आगे गाना जारी रखने को कहा। इस तरह श्रेया ने पूरा गाना गा दिया, यह सोचकर कि वे सिर्फ प्रैक्टिस कर रही हैं।

**रिहर्सल टेक बन गया फिल्म का फाइनल गाना**

श्रेया के उदित नारायण के साथ गाए गए इस गाने का जादू कुछ ऐसा चला कि भंसाली हैरान रह गए। श्रेया का वह प्रैक्टिस सेशन वाला टेक इतना शानदार और परफेक्ट था कि निर्देशक ने इसे ही फिल्म में फाइनल वर्जन रखने का फैसला किया।

महज 16 साल की एक लड़की ने अपनी आवाज से स्टूडियो में मौजूद हर किसी को दीवाना कर दिया था। उस वक्त किसी ने नहीं सोचा था कि एक साधारण सा दिखने वाला रिहर्सल टेक श्रेया घोषाल को भारतीय सिनेमा के सबसे सम्मानित पुरस्कारों में से एक दिला देगा।

**देवदास के बाद श्रेया ने कभी पलटकर नहीं देखा**

देवदास मूवी के इस गाने की सक्सेस के बाद श्रेया घोषाल ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस गाने ने उनके करियर को ऐसी रफ्तार दी कि वह बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सिंगर्स की लिस्ट में शामिल हो गईं। आज भी जब लोग देवदास के गानों की बात करते हैं, तो श्रेया की मासूम और सुरीली आवाज वाला यह गाना सबकी प्लेलिस्ट में सबसे ऊपर होता है।

## फिर आया अरिजीत सिंह का नया गाना, अक्षय कुमार ने कहा- थैंक्यू




अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' का नया गाना रिलीज हो गया है, इस गाने का फैंस इंतजार कर रहे थे, क्योंकि इस गाने को अरिजीत सिंह ने आवाज दी है. रिटायरमेंट की अनाउंसमेंट के बाद से सिंगर्स के गाने का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म के गाने की बात करें, तो रिलीज हुए गाने का टाइटल 'तू ही दिसदा' है. गाना रिलीज होने के चंद वक्त के बाद ही लोगों के बीच इस गाने को लेकर चर्चा होने लगी है.

प्रयदर्शन की डायरेक्शन में बनी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट है. फिल्म में अक्षय कुमार और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं. फिल्म के टीजर के अलावा इस फिल्म का एक और गाना राम जी भला करेंगे रिलीज हो चुका है. अब इस रोमांटिक गाने को लेकर भी पॉजिटिव रिएक्शन ही देखने को मिल रहा है. गाने की बात की जाए, तो इसे अरिजीत सिंह के साथ निकिता गांधी ने आवाज दी है और इसे प्रीतम ने कंपोज किया है.

**अक्षय ने शेयर किया गाना**

अक्षय कुमार ने गाने को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, अरिजीत सिंह आपके साथ हमेशा कोलैबोरेट करना खास होता है, 'तू ही दिसदा' गाने में अपनी आवाज का जादू लाने के लिए थैंक्यू. साथ ही एक्टर ने फिल्म की रिलीज डेट का भी जिक्र किया है, जो कि 10 अप्रैल, 2026 है. गाने को खूबसूरत लोकेशन पर शूट किया गया है जो इसे और भी खास और रोमांटिक बनाती है.

**लोगों ने की है गाने की तारीफ**

गाने के कमेंट सेक्शन में लोग इसकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं, जिसमें से ज्यादातर लोग अरिजीत सिंह की आवाज के जादू के बारे में बात कर रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट किया है कि अरिजीत सिंह की आवाज + अक्षय कुमार का चार्म= 'भूत बंगला' का प्योर मैजिक. गाने के साथ ही साथ लोगों ने अक्षय कुमार और वामिका की केमेस्ट्री की भी तारीफ की है. लोगों ने इस गाने को चार्टबस्टर कहा है, लोगों ने फिल्म के लिए एक्साइटमेंट दिखाई है.

## न शिव, न फैसू न रजत दलाल... 'द 50' का असली 'किंग मेकर' तो कोई और है! जानें प्रिंस नरूला ने कैसे लिखी जीत की पटकथा?




कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार का रियलिटी शो 'ञ्ढद्द 50' अपने अंजाम तक पहुंच चुका है और हर तरफ शिव ठाकरे की जीत के चर्चे हैं, लेकिन इस शोर के बीच एक नाम ऐसा है जिसकी रणनीतियों ने इस पूरे शो को सांस रोक देने वाला रोमांच दिया. वो नाम है— प्रिंस नरूला. यूं तो प्रिंस खुद इस शो की ट्रॉफी नहीं उठा पाए, लेकिन शो के पहले दिन से लेकर ग्रैंड फिनाले की आखिरी सेकंड तक, गेम का रिमोट कंट्रोल उन्हीं के हाथ में था. शिव ठाकरे की जीत के पीछे जिस 'मास्टरमाइंड' का दिमाग था, वो भी प्रिंस नरूला ही थे.

दरअसल रियलिटी शोज की दुनिया में एक कहावत मशहूर है— शो कोई भी हो, जीतता प्रिंस नरूला ही है. 'रोडीज', 'स्प्लिट्सविला', 'बिग बॉस' और 'नच बलिए'ज प्रिंस ने जहां कदम रखा, वहां की ट्रॉफी उनके नाम रही. लेकिन कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार के शो 'द 50' में दर्शकों ने एक अलग ही प्रिंस को देखा. एक ऐसा प्रिंस, जिसने अपनी 'अजेय' लेगेसी को दांव पर लगाकर खुद को गेम से बाहर कर लिया, ताकि वो अपने पसंदीदा खिलाड़ी को 'किंग' बना सके.

**भेदभाव को दी मात**

'द 50' की शुरुआत से ही दो विचारधाराओं की जंग छिड़ गई थी. एक तरफ रजत दलाल की टीम थी, जहां पूरा फोकस केवल लड़कों को मौका देने और शारीरिक बल दिखाने पर था. रजत का मानना था कि भारी-भरकम टास्क केवल लड़के ही कर सकते हैं. लेकिन प्रिंस नरूला ने यहां अपनी क्रांतिकारी सोच दिखाई. उन्होंने जेंडर के भेदभाव को किनारे रखकर अपनी टीम की लड़कियों पर दांव खेला.

प्रिंस की इसी लीडरशिप का नतीजा था कि उनकी टीम की 'शेरनियों' ने मैदान पर बड़े-बड़े सूरमाओं के पसीने छुड़ा दिए. कृष्णा श्रॉफ का वो ऐतिहासिक टास्क भला कौन भूल सकता है, जब उन्होंने कटारिया जैसे खिलाड़ी को मिट्टी में घसीटते हुए अपने पाले में खींच लिया था. प्रिंस ने साबित किया कि एक सच्चा लीडर वो है जो अपनी टीम के हर सदस्य को 'योद्धा' बना दे.

**प्रिंस के 'किले' पर हुआ हमला**

प्रिंस की बढ़ती ताकत से विरोधी खेमा खौफ में था. रजत दलाल और फैसल शेख (मिस्टर फैसू) जानते थे कि अगर प्रिंस की 'कोर टीम' फिनाले तक पहुंच गई, तो किसी और की दाल नहीं गलेगी. यही वजह थी कि खेल के बीच में एक सोची-समझी साजिश के तहत प्रिंस के सबसे मजबूत स्तंभों को निशाना बनाया गया.

### बिना इजाजत

# सोनाक्षी सिन्हा


## की आवाज का यूज नहीं, HC का अश्लील AI कंटेंट हटाने का आदेश



दिल्ली हाईकोर्ट ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की छवि और व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने एआई प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन वेबसाइटों को सोनाक्षी की अनुमति के बिना उनके नाम, आवाज और चेहरे का इस्तेमाल करने से मना कर दिया है। कोर्ट ने पाया कि कुछ लोग एआई टूल्स के जरिए उनकी अश्लील तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं जिससे उनकी प्रतिष्ठा को भारी नुकसान हो रहा है। अदालत ने निर्देश दिया है कि अभिनेत्री से जुड़े ऐसे सभी आपत्तिजनक यूआरएल 36 घंटों के भीतर हटाए जाएं।

**बिना इजाजत नहीं हो सकेगा नाम, रूप, आवाज का इस्तेमाल**



दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा करते हुए आदेश पारित किया। अदालत ने कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्लेटफॉर्म व ऑनलाइन रिटेलर्स को उनके नाम, रूप, आवाज एवं व्यक्तित्व से जुड़े अन्य गुणों का बिना इजाजत इस्तेमाल करने से रोक दिया है।

**कई प्रतिवादियों के खिलाफ डाली थी याचिका**

अदालत ने यह आदेश बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की ओर से दाखिल की गई अंतरिम रोक याचिका पर दिया जो उन्होंने कई प्रतिवादियों के खिलाफ दायर अपनी याचिका में दी है। इन प्रतिवादियों में अमेरिका स्थित एआई चैटबॉट प्लेटफॉर्म व विभिन्न ई-कॉमर्स वेबसाइटें शामिल हैं।

**गलत तरीके से आवाज का इस्तेमाल**

पीठ ने कहा कि प्रतिवादी (जिनमें जॉन डो (अज्ञात संस्थाएं) भी शामिल हैं) अभिनेत्री के व्यक्तित्व के विभिन्न तत्वों जैसे उनके रूप, आवाज, छवि आदि का उनकी सहमति या इजाजत के बिना गैर-कानूनी व अनुचित व्यावसायिक लाभ के लिए गलत तरीके से इस्तेमाल और शोषण कर रहे है।

**क्या बोली अदालत ?**

अदालत ने कहा कि कुछ उल्लंघनकर्ता एआई टूल्स का इस्तेमाल करके अभिनेत्री की ऐसी तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं, जिनमें उन्होंने अनुचित कपड़े पहने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रही थी बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार, शुरू की निष्कासन की प्रक्रिया

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की विदेशी सेल ने अवैध घुसपैठ के



खिलाफ कार्रवाई करते हुए शालीमार बाग क्षेत्र से एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए देश से निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला के कब्जे से एक स्मार्ट फोन बरामद किया है, जिसमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल मिला। इसके अलावा मोबाइल गैलरी में बांग्लादेशी पहचान से जुड़े दस्तावेज भी पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। पकड़ी गई महिला की पहचान मीतू अख्तर (28) के रूप में हुई है, जो ढाका (बांग्लादेश) की रहने वाली है। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि विदेशी सेल की टीम ने इंस्पेक्टर विपिन कुमार और एसीपी राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। 23 मार्च की सुबह विशेष अभियान के तहत गठित टीम ने जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन और आजादपुर मंडी क्षेत्र में छापेमारी की। लंबे समय तक तलाश के बाद मैक्स अस्पताल के पास एक संदिग्ध महिला को पकड़ा गया। शुरुआती पूछताछ में महिला ने खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन उसके जवाबों में विरोधाभास मिलने पर पुलिस ने विस्तृत जांच की। डिजिटल जांच, दस्तावेजों की पुष्टि और फोटो साक्ष्यों के आधार पर यह सामने आया कि महिला बांग्लादेश की नागरिक है और बिना वैध दस्तावेज के भारत में रह रही थी। जांच में पता चला कि उसे पहले पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक रोबिउल द्वारा भारत लाया गया था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया है और उसे उसके देश वापस भेजने की कार्रवाई जारी है।

### भजनपुरा के घोंडा में युवक की चाकू मारकर हत्या

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** भजनपुरा थाना क्षेत्र के घोंडा में कृष्णा मंदिर के पास सोमवार देर रात एक युवक पीछे से चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंचे स्वजन युवक को



जगप्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजन ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अस्पताल के बाहर हंगामा किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए एक आरोपित की पहचान की जा रही है। मृतक की पहचान 18 वर्षीय मोहम्मद आसिफ निवासी सुभाष मोहल्ला भजनपुरा के रूप में हुई है। आसिफ के भाई नेक मोहम्मद ने बताया कि सोमवार देर रात एक जानकार ने उन्हें सूचना दी कि आसिफ पर किसी ने हमला कर दिया है। वह अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन ने आरोप लगाया कि जिस स्थान पर आसिफ की हत्या हुई है, कुछ दिन पहले वहां एक और युवक हत्या की गई थी। इसके बाद भी पुलिस ने वहां पर सुरक्षा नहीं बढ़ाई। स्वजन ने मामले में पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही भजनपुरा थाना के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। आसिफ के चार भाई और पांच बहने हैं।

# दिल्ली वालों को जलभराव से मिलेगी मुक्ति, सरकार ने 610 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जलभराव की समस्या दशकों पुरानी है। 50 वर्ष से अधिक पुराने ड्रेनेज सिस्टम और अपर्याप्त नालों के कारण हर बरसात में शहर की सड़कें तालाब बन जाती हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2026-27 के बजट में इस समस्या को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेते हुए कहा कि अब दिल्ली डूबेगी नहीं, उबरेगी। इसी यरेजना के तहत पांच विधानसभा क्षेत्रों में जलभराव से राहत दिलाने के लिए एमबी रोड पर 387 करोड़ की लागत से ड्रेन निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई है। 2026-27 में इस कार्य के लिए 50 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग विभाग द्वारा 200 करोड़ के अतिरिक्त राशि खर्च कर जलभराव समाप्त करने के लिए अन्य परियोजनाएं शुरू की जाएगी। पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी, मुंडका, बवाना और नांगलोई विधानसभा क्षेत्रों की जल-निकासी समस्या के समाधान के लिए रेलवे लाइन के समानांतर 221 करोड़ की लागत से 4.50 किलोमीटर लंबे ट्रंक ड्रेन के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना उन इलाकों के लिए राहत की सांस लेकर आएगी जो वर्षों से बरसात में परेशान होते आए हैं। इस वर्ष तैमूर नगर, कैलाश नगर, किराड़ी और बवाना जैसे क्षेत्रों में नालों का पुनर्विकास किया जाएगा।



**बाढ़ रोकने के लिए दीवार का भी प्रस्ताव:** सरकार ने इस साल 22 लाख मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाकर यमुना के ऐतिहासिक जलस्तर पर भी सुरक्षित प्रवाह सुनिश्चित किया है। पुराने रेलवे पुल से मजनू का टीला तक यमुना किनारे बाढ़ रोकने के लिए दीवार का भी प्रस्ताव इस बजट में है, जो एक महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। इसी तरह लोहे के पुल से सराय काले खां तक यमुना पुस्ता को मजबूत किया जाएगा। इस तरह के कार्यों के लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के लिए 610 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है।

### दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती, बनाए जाएंगे 750 से अधिक नए आरोग्य मंदिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देने के लिए दिल्ली सरकार 750 से अधिक नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पेश किए गए दिल्ली सरकार के बजट में इसकी घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत इसके लिए 1500 करोड़ का बजट प्रविधान की घोषणा की। दावा किया कि नए केंद्र आरंभ होने से दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 1120 से अधिक हो जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवा घरों तक पहुंच सकेंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत दिल्ली में पहले से ही 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन हो रहा है। ये केंद्र ओपीडी, सामान्य जांच और दवाओं की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। संख्या बढ़ने से दिल्ली का स्वास्थ्य नेटवर्क और मजबूत हो जाएगा। बेसिक जांच, आवश्यक दवा और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवा निश्शुल्क मिलेगी। मुखयमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य झुग्गी बस्तियों, अनाधिकृत कालोनियों और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक आसानी से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का है।

# शांति वार्ता के बीच ट्रंप को ईरान से मिला रहस्यमयी तोहफा, बोले- ये तेल और गैस से जुड़ा महंगा गिफ्ट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया। ईरान के साथ युद्धविराम पर बातचीत की चर्चाओं के बीच ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने उन्हें एक बहुत बड़ा और काफी कीमती तोहफा भेजा है। हालांकि उन्होंने इस तोहफे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और सिर्फ इतना कहा कि ये तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। ट्रंप जहां ईरान के साथ बातचीत का दावा कर रहे हैं, वहीं ईरान की सेना अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार कर रही है। दरअसल मंगलवार को व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि ईरान की तरफ से जो लोग युद्धविराम पर बातचीत कर रहे हैं, क्या उन्हें उन पर विश्वास है? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, वे किसी पर विश्वास नहीं करते, लेकिन उन्होंने ईरान से एक तोहफा मिलने का संकेत दिया। जिसके आधार पर ट्रंप ने कहा कि वे सही लोगों से बात कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, 'उन्होंने हमें एक तोहफा दिया है और वो तोहफा आज पहुंच गया है। यह एक बड़ा तोहफा है, जिसकी बहुत ज्यादा कीमत है, लेकिन मैं आपको ये नहीं बताने वाला हूं कि वह क्या है, लेकिन ये एक खास तोहफा है।' ट्रंप ने बताया कि यह तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। इसके अलावा ट्रंप ने ज्यादा जानकारी देने से



इनकार कर दिया। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले पांच दिनों के लिए रोकने का एलान किया। इस दौरान ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान की युद्धविराम को लेकर बात हो रही है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। हालांकि ईरान की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच अमेरिका द्वारा पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ाई जा रही है। जिससे चर्चा है कि अगर युद्धविराम पर सहमति नहीं बनती है तो अमेरिका ईरान के खिलाफ जमीनी आक्रमण कर सकता है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के साथ बातचीत होने का दावा कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ईरानी की सेना ने ट्रंप पर तंज कसा है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ने ट्रंप के बातचीत के दावे का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि 'अपनी हार को समझौते का नाम देने की कोशिश न करें। आपके वादों के युग का अंत हो रहा है। दुनिया में अब दो मोर्चे हैं, जिनमें से एक सच्चाई का है और एक झूठ का। आपकी अंदरूनी लड़ाई इस हद तक पहुंच गई है कि अब आप खुद से ही समझौते पर बात कर रहे हैं। इस क्षेत्र में आपके निवेश पर कोई बात नहीं होगी, न ही आप भविष्य में तेल और गैस की पुरानी कीमतों को वापस देखेंगे। आपको ये समझना होगा कि इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता हमारी सेना के ताकतवर हाथों में है।'

### ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार, पर सिर्फ जेडी वेंस से करेगा बात

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के कूटनीतिक समाधान पर बातचीत चल रही है। इस बीच ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को साफ संकेत दिया है कि वह अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के साथ दोबारा बातचीत नहीं करना चाहता। इसके बजाय तेहरान की प्राथमिकता अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत करने की है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया संस्थान सीएनएन ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मानना है कि स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ बातचीत विश्वास की कमी के कारण प्रभावी नहीं होगी। गौरतलब है कि अमेरिका के ईरान पर हमले से पहले स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ही ईरानी सरकार के साथ बातचीत कर रहे थे और वह बातचीत विफल रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, जेडी वेंस युद्ध खत्म करने के समर्थक हैं और ऐसी रिपोर्ट्स आ चुकी हैं कि वेंस, ईरान पर हमले के पक्ष में नहीं थे। यही वजह है कि विटकॉफ, कुशनर और यहां तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तुलना में वेंस को संघर्ष खत्म करने के पक्ष में ज्यादा गंभीर माना जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने कहा था कि उनकी कूटनीतिक टीम के सभी प्रमुख सदस्य वार्ता में शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'जेडी (वेंस), मार्को (रुबियो), जेरेड कुशनर, स्टीव विटकॉफ और मैं खुद—सभी बातचीत प्रक्रिया में शामिल हैं।

## ईरान युद्ध का झटका: नए घरों में सोलर पैनल और हीट पंप अनिवार्य, ब्रिटेन का फैसला

### ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम कदम

**लंदन, एजेंसी।** ईरान युद्ध से पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच ब्रिटेन ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने इंग्लैंड में बनने वाले सभी नए घरों में सोलर पैनल और हीट पंप अनिवार्य करने का एलान किया है, ताकि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाई जा सके। ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को नए नियम पेश करते हुए स्पष्ट किया कि यह कदम नीति-निर्माताओं की ओर से ईरान युद्ध के आर्थिक और ऊर्जा प्रभावों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के अनुसार, यह पहल फ्यूचर होम्स स्टैंडर्ड का हिस्सा है, जो 2028 से लागू होगा। इस मानक के तहत सभी नए घरों में ऑन-साइट रिन्यूएबल बिजली उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें प्रमुख भूमिका सौर ऊर्जा की होगी। साथ ही, घरों में लो-कार्बन हीटिंग सिस्टम जैसे हीट पंप और हीट नेटवर्क को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री एड



मिलिबैंड ने कहा, ईरान युद्ध ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार का लक्ष्य जीवाश्म ईंधन बाजारों की पकड़ से बाहर निकलना है, जिन पर देश का नियंत्रण नहीं है। मिलिबैंड ने यह भी बताया कि सरकार न केवल नए घरों में सोलर पैनल को मानक बना रही है, बल्कि आने वाले महीनों में दुकानों पर प्लग-इन सोलर पैनल भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें लोग अपने घरों की बालकनी में आसानी से स्थापित कर सकेंगे।

**ऊर्जा सुरक्षा बनाम घरेलू उत्पादन:** इस फैसले को लेकर ब्रिटेन की घरेलू राजनीति में भी बहस तेज हो गई है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी की शैडो एनर्जी सेक्रेटरी क्लेयर कुटिन्हो ने सरकार से नॉर्थ सी में नए तेल और गैस क्षेत्रों के लाइसेंस जारी करने की मांग की है, ताकि घरेलू ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाकर उपभोक्ताओं के बिल कम किए जा सकें। यह बहस इस बात को रेखांकित करती है कि ऊर्जा संकट से निपटने के लिए देशों के सामने दो विकल्प हैं, नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज बदलाव या पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाना।

## टोक्यो में चीनी दूतावास में घुसने के आरोप में जापानी सैनिक गिरफ्तार, चीन ने जताया विरोध; मांगा जवाब

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के अधिकारियों ने बुधवार को एक जापानी सैनिक को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इस सैनिक पर कथित रूप से टोक्यो में चीनी दूतावास में बिना इजाजत (अवैध रूप) से घुसने का आरोप है। चीन ने इस घटना पर विरोध जताया था, जिसके एक दिन बाद यह गिरफ्तारी हुई है। अब यह मामला जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव का नया केंद्र बन गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार सुबह एक व्यक्ति दीवार फांदकर दूतावास परिसर में जबरन घुस आया। उस व्यक्ति ने खुद को जापानी आत्म-रक्षा बल का अधिकारी बताया था। टोक्यो पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र 23 साल है और वह जापान की थल सेना (जीएसडीएफ) का सदस्य है।

जापानी सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध सैनिक मियाजाकी प्रांत के कैंप एबिनो में तैनात है। सेना के अधिकारी इस मामले में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। जापानी मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह सैनिक चीनी राजदूत को यह कहने के लिए दूतावास में घुसा था कि चीन जापान के प्रति अपना कड़ा रुख बंद करे। सैनिक के पास एक चाकू भी था। उसने धमकी दी थी कि अगर उसकी मांग नहीं मानी गई, तो वह खुद को मार लेगा। जापान के सरकारी चैनल एनएचके के अनुसार, उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए टोक्यो पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना में



कोई घायल नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति ने कथित तौर पर दूतावास की दीवार फांदी थी और वहां एक चाकू भी मिला है।

चीन ने इस घटना पर गहरा दुख और गुस्सा जताया है। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि जापान अपने सैनिकों को ठीक से नियंत्रित और अनुशासित करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि जापान ने चीनी दूतावास और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की।

# पंजाबी बाग में दिल्ली पुलिस के एसआई ने सड़क पर काम कर रही महिला को कार से मारी टक्कर, मौके पर हो गई मौत

### निर्माण कंपनी की बड़ी लापरवाही उजागर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक मारुति ब्रेज़ा कार ने सड़क पर सफाई कर रही एक महिला मजदूर को टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। आरोपित कार चालक दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसा सोमवार देर रात रात करीब 1:30 बजे वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग और नार्थ एवेन्यू रोड के पास हुआ। यहां सड़क निर्माण और सफाई का कार्य चल रहा था। 45 वर्षीय महिला कामगार धर्मवती जब सेंट्रल वर्ज के पास सफाई कर रही थीं, तभी एक बेकाबू ब्रेज़ा कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धर्मवती गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत पास के आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। आरोपित कार चालक का नाम लकी है, जो दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर है और रंजीत नगर थाने में तैनात है। हादसे के वक्त वह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त डीएस भास्कर ने बताया कि घटना के तुरंत बाद आरोपित सब-इंस्पेक्टर खुद घायल महिला को अपनी कार में लेकर आचार्य भिक्षु अस्पताल पहुंचा, लेकिन इलाज के दौरान धर्मवती ने दम तोड़ दिया।

पूछताछ में आरोपित एसआई ने पुलिस को बताया कि



घटनास्थल पर मशीन से सड़क की खोदाई की गई थी, जिसके कारण वहां काफी धूल उड़ रही थी। उसने खड़े होकर झाड़ू लगाने वाले कामगारों को देखने के बाद कार को किनारे से निकालने की कोशिश की, लेकिन धूल की वजह से वह नीचे बैठकर झाड़ू लगा रही धर्मवती को नहीं देख पाया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस हादसे के लिए निर्माण कंपनी और ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरणों का अभाव था। यहां मजदूरों ने रिफ्लेक्टर जैकेट नहीं पहनी थी। संकेतकों की कमी पाई गई। सड़क पर वाहन चालकों को सचेत करने के लिए काशन कोन (चेतावनी शंकु) या अन्य कोई सुरक्षा बोर्ड नहीं लगाया गया था। उड़ती धूल और सुरक्षा संकेतों के अभाव के कारण चालक को सड़क पर हो रहे काम और मजदूरों की स्थिति का सही अंदाजा नहीं मिल सका। पुलिस के अनुसार इस मामले में अभी आरोपित को भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) और 106 (लापरवाही से मौत) की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है और कार जब्त कर ली है।

## दिल्ली को मिलेगा अपना सदन, 'ट्वीन टावर' नाम से बनेगा नया सचिवालय; बजट में सरकार का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में जहां देश के विभिन्न राज्यों के सदन हैं पर अपना कोई नहीं है। लेकिन अब दिल्ली को भी अपना सदन मिलेगा। सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के बजट में इसकी घोषणा की है। दिल्ली सदन के लिए 10 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। इससे दिल्ली आने वाले पर्यटकों और आंगतुकों के रहने की व्यवस्था होगी। साथ ही यहां पर कैंटीन भी होगी। सरकार दिल्ली सदन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बने आवास को भी दिल्ली सदन के तौर पर विकसित कर सकती है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार का आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया सचिवालय भी बनेगा। जिलों की संख्या बढ़ने और जिलों में नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए मिनी सचिवालय तैयार किए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने दक्षिण-पश्चिम जिले के लिए द्वारका में पहले मिनी सचिवालय की 213 करोड़ की परियोजना पूर्व में मंजूर कर दी थी। जबकि शेष सचिवालयों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रविधान किया गया है। मिनी सचिवालयों में जिला प्रशासन का आधुनिक दफ्तर होगा। वहीं, यहां पर संपत्ति पंजीकरण, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य कार्यों के लिए आने वाले



लोगों को एक ही छत के नीचे सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय होने से होने वाली परेशानी को देखते हुए सचिवालय बनाया जाएगा। फिलहाल इसके लिए दिल्ली सरकार जगह की तलाश कर रही है और केंद्र सरकार से भी जमीन मांग रही है। वहीं, इसके समांतर आइटीओ स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मुख्यालय को तोड़कर ट्वीन टावर के तौर पर सचिवालय विकसित करने पर काम कर रही है। यह बहुमंजिला होगा। जहां पर दिल्ली सरकार के सभी विभाग होंगे। फिलहाल दिल्ली सचिवालय आइटीओ के पास ही आईजीआई स्टेडियम के पास प्लेयर्स बिल्डिंग में संचालित होता है। लेकिन इसमें सभी विभागों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। इसकी वजह से सिविल लाइंस और आइटीओ पर कई विभागों के दफ्तर संचालित होते हैं। दिल्ली में संपत्ति पंजीकरण के लिए लोगों को दलालों के चक्कर नहीं काटने होंगे। बल्कि इसकी व्यवस्था पारदर्शी होगी। इसके लिए दिल्ली में संपत्ति पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार आफिस को पासपोर्ट आफिस की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जहां पर संपत्ति पंजीकरण की व्यवस्था पेपरलेस होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com